चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 250, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 9 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ...तो हम 'सिंधु' भी वापस ला सकते हैं'



## देश है तो धर्म है, धर्म है तो समाज है और समाज है तो हम सभी का अस्तित्व है: सीएम योगी





**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के बाद श्रीराम जन्मभूमि वापस ली जा सकती है तो हम सिंधु भी वापस ला सकते हैं। सिंधी समाज को अपने इतिहास के बारे में अपनी वर्तमान पीढ़ी को बताने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजमान होंगे। सीएम योगी रविवार को होटल हॉलिडे इन में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश को विभाजन की त्रासदी से गुजरना पड़ा। देश के बंटवारे की वजह से लाखों लोगों का कत्लेआम हुआ। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में चला जाता है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे ज्यादा सहा है, उन्हें अपने मातृभूमि को छोड़ना पड़ा। सीएम योगी ने कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सीएम योगी ने कहा कि कोई भी सभ्य समाज आतंकवाद, उग्रवाद या किसी भी प्रकार की अराजकता को कभी मान्यता नहीं दे सकता। अगर मानवता के कल्याण के मार्ग पर हमें आगे बढ़ाना है तो समाज की दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करना होगा। हमारे धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या भगवान श्रीकृष्ण, सबने मानव कल्याण के लिए सज्जन के संरक्षण और दुर्जन को समाप्त करने की बात कही है। सीएम योगी ने कहा कि देश है तो धर्म है, धर्म है तो समाज है और समाज है तो हम सभी का अस्तित्व है। हमारी प्राथमिकता इसी अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का सौभाग्य है कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद भारत के अंदर अपने अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि 1947 में बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी ना आने पाए, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति खिलवाड़ करने वाले को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमें तैयार रहना चाहिए।

**शून्य से शिखर तक की यात्रा का सिंधी समाज सबसे बड़ा उदाहरण**

सिंधी समाज भारत के सनातन धर्म का अभिन्न हिस्सा है। सिंधी समाज ने सम-विषम परिस्थितियों में अपने पुरुषार्थ से खुद को आगे बढ़ाया है। शून्य से शिखर तक यात्रा कैसे होती है, भारत के अंदर सिंधी समाज इसका बड़ा उदाहरण है।

**सीएम ने किया सम्मानितः** कार्यक्रम में सीएम योगी ने पद्म भूषण पंकज आडवाणी को 'शेर ए सिंध' सम्मान से सम्मानित किया। पंकज 25 बार विश्व बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियन रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने इंदौर के सांसद शंकर लालवानी, लखानी ग्रुप के अध्यक्ष एसएन लखानी, देश में सामाजिक कार्यों के जाने माने नाम श्रीराम छबलानी, टेक महिंद्रा के भारत के प्रमुख राजेश चंद्र रमानी और वीआईपी की को-फाउंडर सोनाक्षी लखानी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 10 देशों और भारत के 10 राज्यों के 225 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

इसके साथ ही सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विवेक लधानी, महासचिव विरेन्द्र खत्री, उपाध्यक्ष विनोद पंजाबी, संस्थापक अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया सुरेश केसरवानी और सिंधी समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं हमारे तीर्थस्थल : योगी

**रुद्रप्रयाग**

**हमारे** तीर्थस्थल आस्था के साथ साथ राष्ट्रीय एकात्मता के आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विरासत के प्रति सम्मान का भाव नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहा है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यहां श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत कही। तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के अंतिम दिन श्री केदारनाथ मंदिर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सन् 2013 में केदारपुरी एक आपदा की चपेट में चुकी थी, लेकिन स्थानीय लोगों के आत्मविश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़संकल्प और उनकी प्रेरणा व मार्गदर्शन से आज उत्तराखंड के दोनों तीर्थ श्री केदारनाथ और श्री बद्रीनाथ नये भारत की नई आभा को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विरासत के प्रति सम्मान का भाव यही है। लाखों की संख्या में तीर्थयात्री यहां आ रह हैं, यह हमारे लिए एक नई प्रेरणा है। यह एक नये भविष्य की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है। समयबद्ध ढंग से मानक की गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरी तत्परता के साथ यहां कार्य चल रहा है। ये श्रद्धा का उमड़ता हुआ जनसैलाब नये भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। इसमें दृष्टि और दूरदर्शिता है। इसमें पर्यटन भी है और श्रद्धालुजन की जनआस्था का सम्मान का भाव है।

## जवानों को चीनी भाषा सिखाने की तैयारी



**नई दिल्ली**

**युद्ध** और शांति के समय देश की सेवा करने वाली भारत की टेरिटोरियल आर्मी (टीए) इस साल अपना 75वां स्थापना दिवस मना रही है। इस दौरान उसने मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की है। दरअसल, पूर्वी लद्दाख में पड़ोसी मुल्क चीन के साथ टकराव को देखते हुए सेना ने अपने जवानों को चीनी भाषा मंदारिन सिखाने की तैयारी कर ली है। इसके तहत सेना ने टेरिटोरियल आर्मी में मंदारिन भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की है। इसका मकसद 3400 किमी लंबे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात कनिष्ठ और वरिष्ठ अधिकारियों को मंदारिन भाषा में प्रवीण बनाना है ताकि वे जरूरत पड़ने पर चीनी सैनिकों का सामना होने पर उनकी भाषा समझ सकें और उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब में दे सकें। सूत्रों के अनुसार, पांच विशेषज्ञों का बैच सीमा बैठकों के दौरान भारत और चीन पक्षों के बीच दुभाषिए के रूप में भी भूमिका निभाएगा। इसके अलावा, प्रादेशिक सेना ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की भर्ती पर भी ध्यान दे रहा है। एक सूत्र का कहना है कि टीए की स्थापना नौ अक्टूबर 1949 को हुई थी। अब उसने 75 वर्ष में प्रवेश कर लिया है। इन दशकों में इन लोगों ने जी-जान से देश की सेवा की है। वह लगातार अपने आपको मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है। इसी क्रम में, इस साल पांच चीनी (मंदारिन) भाषा विशेषज्ञों की भर्ती की गई है। सूत्र ने बताया कि इन विशेषज्ञों को नियुक्त करने की प्रक्रिया जनवरी में शुरू हुई थी और कुछ महीने पहले ही यह पूरी हुई है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ बनने की प्रक्रिया आसान नहीं थी। मंदारिन भाषा में विशेषज्ञता रखने वाले विभिन्न उम्मीदवारों को लिखित और मौखिक परीक्षा देनी थी। जिन लोगों को चुना गया है उनकी औसत आयु 30 साल है। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि यह विशेषज्ञ सीमा कार्मिक बैठकों के दौरान भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच दुभाषिए के रूप में भूमिका निभाएंगे।

## राज्यों के पंजीयकों, 13 राज्यों के कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों के कंप्यूटरीकरण के लिए केंद्र देगा फंड

**नई दिल्ली**

**केन्द्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के पंजीयकों तथा 13 राज्यों में क्रियाशील 1,851 कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबीएस)को कंप्यूटरीकरण के माध्यम से सशक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए लिए एक केन्द्रीय प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (पीएमयू) का गठन किया जाएगा। इस योजना का कुल अनुमानित व्यय 225.09 करोड़ होगा। सहकारिता मंत्रालय के अनुसार इसे देश की सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और केन्द्रीय पंजीयक कार्यालय के कंप्यूटरीकरण की योजना की तर्ज पर क्रियान्वित किया जाएगा। एक राष्ट्रीय एकीकृत सॉफ्टवेयर के जरिए 13 राज्यों में कार्यशील 1,851 एआरडीबीएस की सभी इकाइयों तथा राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारी समितियों के पंजीयक कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के क्रियान्वयन से लोगों को राज्यों के सहकारिता विभाग तथा एआरडीबीएस के कार्यालयों द्वारा मिलने वाली सेवाएं त्वरित रूप से प्राप्त हो सकेंगी।

## इसरो पर हर दिन होते हैं 100 साइबर अटैकः सोमनाथ



**तिरुवनंतपुरम**

**साइबर** क्राइम इन दिनों काफी चर्चा में है, जिससे अब इसरो भी अछूता नहीं रहा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ का कहना है कि देश की अतंरिक्ष एजेंसी हर रोज करीब 100 से अधिक साइबर हमलों का सामना कर रही है। केरल में अंतरराष्ट्रीय साइबर सम्मेलन का 16वां संस्करण आयोजित किया गया। कोच्चि में आयोजित कार्यक्रम के समापन सत्र में सोमनाथ ने कहा कि रॉकेट तकनीक में साइबर हमलों की संभावना बहुत अधिक है। साइबर आरोपी अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर और चिप का उपयोग करते हैं। हालांकि, इसरो ऐसे हमलों से निपटने के लिए तैयार है। हम मजबूत साइबर सुरक्षा नेटवर्क से लैस हैं। इसरो रॉकेट के अंदर हार्डवेयर चिप्स की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किए हुए है। इसके लिए वह विभिन्न परीक्षणों पर आगे बढ़ रहा है।

**अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा इसरोः** अगले 20 से 25 वर्ष में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित कर सकता है। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने यह खुलासा किया।

उन्होंने चीनी मीडिया सीजीटीएन से बातचीत में कहा कि गगनयान मिशन भारत देश को अंतरिक्ष में मानव भेजने की क्षमता देगा। इसके सफल होने के बाद इसरो अंतरिक्ष स्टेशन बनाने पर ज्यादा केंद्रित होकर काम करेगा। इसरो की योजना है कि भारत के पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन हो। सोमनाथ के अनुसार, इसका निर्माण अगले 20 से 25 साल में विभिन्न चरणों में पूरा कर लिया जाएगा। शुरूआत में यह रोबोट संचालित होगा।

## नहीं थम रही है मणिपुर में हिंसाः कांग्रेस



**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि मणिपुर में हिंसा थम नहीं रही है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों दोषी है। कांग्रेस ने रविवार को एक्स पर लिखा कि मणिपुर में बीते 05 महीने से हिंसा जारी है। करीब 175 लोग वहां मारे गए, 1100 से ज्यादा घायल हैं। कल ही मणिपुर में मंत्री के घर के पास ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इससे पहले मुख्यमंत्री के घर पर हमले की कोशिश भी हो चुकी है। कांग्रेस ने कहा कि हाल ही में राज्य की गवर्नर अनुसुइया ने कहा था कि अगर वह हिंसा के दौरान मुख्यमंत्री बीरेन सिंह की भूमिका पर कुछ कहेंगी तो विवाद होगा। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में बीते तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था।

### रिपोर्टः भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे हुए बेघर

## प्रतिदिन 3059 बच्चों को सहना पड़ता विस्थापन का दंश



**नई दिल्ली**

**भारत में** जलवायु से जुड़ी बाढ़, सूखा और तूफान जैसी आपदाओं के कारण प्रति दिन औसतन 3,059 बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ती है। यूनिसेफ के अनुसार, देश में 2016 से 2021 के बीच 67 लाख बच्चों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की नई रिपोर्ट 'चिल्ड्रन डिस्प्लेस्ड इन ए चेंजिंग क्लाइमेट' के मुताबिक, फिलीपीन (97 लाख बच्चे) के बाद भारत दूसरा ऐसा देश है जहां इन छह वर्षों में सबसे ज्यादा बच्चे विस्थापित हुए हैं। वहीं, चीन में 64 लाख बच्चे विस्थापित हुए। इस दौरान इन तीन देशों के कुल 2.3 करोड़ बच्चों को विस्थापन की पीड़ा सहनी पड़ी। रिपोर्ट में 2020 में आए चक्रवाती तूफान अम्फान का भी जिक्र किया है,

जिसमें बांग्लादेश, भूटान, भारत और म्यांमार में करीब 50 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा था, जिनमें बच्चों की संख्या ज्यादा थी। रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे हो रहे विस्थापितः वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो दुनिया में रोजाना औसतन 20 हजार बच्चे विस्थापित हो रहे हैं। यूनिसेफ के अनुसार, 2016 से 2021 के बीच 44 देशों में करीब 4.31 करोड़ बच्चों को घर छोड़कर अपने ही देश में किसी दूसरी सुरक्षित जगह शरण लेनी पड़ी।

### इजरायल में 18 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, इसमें ज्यादातर छात्र, जल्द होगी वापसी

## 'इजरायलः पीएम खुद स्थिति की कर रहे निगरानी



**नई दिल्ली**

**इजरायल** ने हमास के आतंकियों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। हमास आतंकियों ने शनिवार तड़के इजरायल पर भारी संख्या में रॉकेट से हमला किया। इजारल की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। इस समय कई भारतीय नागरिक इजरायल में मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, इजरायल में 18 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं, इसमें ज्यादातर छात्र हैं।

**पीएम कार्यलाय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहाः** भारत सरकार लगातार मौजूदा स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इजरायल पर हमास आतंकवादियों के हमले पर विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा,"मुझे कल रात कई मैसेज मिले और पूरी रात हम काम कर रहे थे। मुझे यह भी पता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे स्थिति की निगरानी कर रहा है। हम लगातार काम पर जुटे हैं।" उन्होंने आगे कहा,"पहले भी आंध्र प्रदेश के लोगों सहित कई छात्र फंस गए थे।

इसलिए चाहे वह ऑपरेशन गंगा हो या वंदे भारत, हम सभी को वापस लाए और मुझे यकीन है कि भारत सरकार और प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे उन लोगों के संपर्क में हैं। पीएम स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।"

**भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरीः** बता दें कि भारतीय दूतावास ने अपने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। हालांकि, वे भारतीय दूतावास के साथ लगातार संपर्क में हैं, लेकिन स्थिति बहुत तनावपूर्ण होने के कारण वे बेहद घबराए हुए और डरे हुए महसूस कर रहे हैं।

## भारत में मोबाइल फोन का निर्यात बढ़ा

### अगस्त महीने में यह लगभग दोगुना होकर 5.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा



**नई दिल्ली**

**देश में** कई मोबाइल फोन निर्यात होते हैं। इस वर्ष अगस्त महीने में इसका दोगुना निर्यात हुआ था। इसको लेकर हाल में ही उद्योग निकाय आईसीईए ने आंकड़े जारी किये हैं। आईसीईए के अनुमान के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष में अगस्त तक भारत से मोबाइल फोन का निर्यात लगभग दोगुना होकर 5.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 45,700 करोड़ रुपये हो गया। इसको लेकर आईसीईए ने कहा कि अप्रैल-अगस्त 2023 के बीच भारत से मोबाइल फोन का निर्यात 3 अरब अमेरिकी डॉलर यानी करीब 24,850 करोड़ रुपये का रहा। वहीं, एप्पल (अस्त्रस्त्रह्ली) ने 23,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात किए, जो कुल निर्यात का आधे से थोड़ा अधिक है।

## खबर संक्षेप

### अभिभावक शिक्षक परिषद तथा पुरातन छात्र-छात्रा परिषद की बैठक आयोजित

**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी के द्वारा शनिवार को अभिभावक शिक्षक परिषद तथा पुरातन छात्र छात्रा परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश ने कहा कि महाविद्यालय को उन्नति के पथ पर ले जाने में अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। महाविद्यालय में आए हुए सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर एक के झा ने कहा कि अभिभावकों से महाविद्यालय को फीडबैक प्राप्त होता है जिससे महाविद्यालय अपना भावी लक्ष्य निर्धारित करके छात्राओं के कल्याण के लिए प्रयास करता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रोफेसर नीतू सिंह ने अभिभावकों को महाविद्यालय की ओर से छात्रों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों तथा महाविद्यालय के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में अभिभावकों तथा पुरातन छात्र छात्राओं ने अपने अपने अनुभव को साझा किया। उक्त कार्यक्रम में नैक प्रभारी प्रोफेसर सुवर्णा सरकार ,डॉ भास्कर शुक्ला ,डॉ अनुभव श्रीवास्तव, डॉ हरगोविंद चौरसिया, डा नूर फातिमा, डॉ पियूष चंद्र मिश्र , डॉ अवधेश कुमार तथा डॉ. अंकित कुमार मिश्रा सहित अनेक अन्य प्राध्यापकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# तोड़ दी गई लोनमटी माइनर पर बनी झाल किसानों की सिंचाई बाधित

झाल तोड़ने वालों के विरुद्ध की गई नामजद शिकायत, विभागीय अफसर बने मूकदर्शक, एसडीएम, नहर अधिकारियों व संपूर्ण समाधान दिवस में किसानों ने दर्ज कराई है शिकायत



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** तहसील क्षेत्र के कपासी कला गांव से निकली लोनमटी माइनर पर बनी झाल को तोड़ दिए जाने के कारण किसानों की सिंचाई बाधित हो गई है। प्रभावित दर्जन भर किसानों ने मामले की नामजद शिकायत एसडीएम कोरांव, एसडीओ बेलन नहर तथा संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज कराई है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। शिकायतकर्ता किसानों में शामिल अवध कुमार सिंह, महेंद्र प्रताप, राजेंद्र प्रताप, सुरेंद्र प्रताप, नरेंद्र प्रताप, दादू पाल, रमेश पाल, बब्बन सिंह, गजेंद्र सिंह आदि किसानों ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि लोनमटी गांव के चंद्रशेखर पुत्र विश्वनाथ के द्वारा नहर विभाग के द्वारा बनवाई गई झाल को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे दर्जनों किसानों की सिंचाई बाधित हो गई है। शिकायत के बाद भी विभागीय जिम्मेदारों के द्वारा झाल निर्मित कराए जाने का कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिससे किसानों की समस्या बनी हुई है। किसानों ने शीघ्र तोड़ी गई झाल का पुनः निर्माण कार्य कराए जाने एवं तोड़ने वालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की मांग की है।

### क्षेत्र में नहीं आते हैं कोरांव माइनर व रजबहा तथा लोनमटी माइनर के जेई

**कोरांव।** शिकायतकर्ता एवं क्षेत्रीय किसानों का आरोप है कि कोरांव माइनर एवं रजबहा तथा लोनमटी माइनर पर तैनात किए गए जेई क्षेत्र में कभी नहीं आते हैं। किसानो की समस्याएं क्या हैं, कहां तक पानी पहुंचा है इसकी भी देखभाल भी नहीं करते हैं। जिससे किसानों की सिंचाई बाधित रहती है वहीं नहरों में किस जगह पर कौन सी समस्या आ रही है किन किसानों की सिंचाई नहीं हो पा रही है आदि समस्याओं का निदान भी नहीं हो पाता है। किसानों ने बताया कि कोरांव माइनर एवं रजबहा पर ज्योत्सना उपाध्याय जेई हैं तो लोनमटी माइनर पर शरद पांडेय जेई हैं लेकिन यह दोनों लोग क्षेत्र में नहीं आते हैं जिससे किसानों की समस्याओं का निदान नहीं हो पाता है। इस संदर्भ में सहायक अभियंता बेलन नहर प्रखंड प्रयागराज एम एन कुशवाहा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि लोनमटी माइनर में झाल तोड़ देने की शिकायत मिली है। रही बात अवर अभियंताओं को क्षेत्र में न आने की तो यह सही बात है। कहने के बावजूद भी क्षेत्र की समस्याओं में रुचि नहीं रखते हैं और न ही आते हैं। जिससे किसानों की समस्याओं के निराकरण में विलंब होता है और उन्हें असुविधाएं होती हैं।

## इंटर का छात्र ने बगीचे में लगाई फांसी ,मौत

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के छतहरा गांव में एक इंटर का छात्र ने बगीचे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । लालापुर थाना क्षेत्र के छतहरा गांव निवासी श्याम कृष्ण तिवारी का बेटा आशीष कुमार तिवारी (18) शनिवार की रात रोज की तरह खाना खाने के बाद खेत में पशुओं की रखवाली करने के लिए चला गया । रविवार की सुबह जब घर के लोग जगे और रोज सुबह जगने वाला आशीष नहीं दिखा तो लोग पता लगाने लगे।शौच को गये ग्रामीण बगीचे में पहुंचे तो आशीष बबूल के पेड़ से लटक रहा था । और उसकी सांसे थम चुकी थी । घटना देख परिजनों में कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशीष चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था और वह घूरपुर के राधा कृष्णन इंटर कॉलेज में बारहवीं का छात्र था।

## न्यूज झरोखा

### एयर शो देख वापस लौट रहे युवक की चलती बुलेट में लगी आग



**प्रयागराज।** गऊघाट पुराने पुल के पास उसे समय हड़कंप मच गया जब चलती बुलेट में आग लग गई आपको बता दें कि एयर फोर्स की 91 वीं वर्षगांठ का एयर शो देखकर बुलेट से लौट रहे परिवार की बुलेट मे अचानक आग लग गयी। पूरी घटना गऊघाट पुराने पुल के पास हुई। भीषण आग लगने के बाद परिवार चलती बुलेट से नीचे गिर गया। बुलेट पर दो छोटी बच्ची और पत्नी के साथ करण निषाद बुलेट चला रहे थे। करन अपने परिवार को आग से किसी तरह आनन फानन में बचा लिये। करन ने अभी छह माह पहले ही बुलेट लिया था। फिलहाल इस हादसे से पूरा परिवार सहमा हुआ है। बुलेट में आग के कारणों की जांच की जा रही है।

### एयर शो : ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही एसपीओ टीम



**नैनी।** 3 अक्टूबर से प्रारंभ हुए एयरशो को देखने के लिए संगम पर हजारों की भीड़ रही। वहीं 8 अक्टूबर को एयर शो को देखने के लिए सबसे ज्यादा भीड़ अरैल घाट पर देखने को मिली। भारी भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की जगह जगह तैनाती की गई है। अरैल घाट पर भारी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर एसडीएम करछना, एसीपी करछना एवं नैनी थाना प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर एसपीओ टीम के जवानों को स्थानीय पुलिस के साथ तैनात किया गया। एसपीओ जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली एवं थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा के नेतृत्व में एसपीओ टीम के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन के साथ सेवा सहयोग प्रदान करने में जुटे रहे। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह, उप प्रभारी परवेज अहमद,जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली,संगठन सचिव रविंद्र सिंह,थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, रामजी जायसवाल,समीर खान, उपेंद्र सिंह सुशील शर्मा रमेश चंद केसरवानी दिनेश केसरवानी शुभम प्रजापति राम जी अरविंद तौसीफ खान शनि देव सिंह आशीष कुमार मोहम्मद फिरोज सुरेंद्र गुप्ता मयंक कुमार मनीष कुमार राकेश सोनकर सुशील शर्मा आदि एसपीओ पुलिस मित्र के जवान तैनात रहे।

### चौड़ीकरण की जद में आये लोग खुद से तोड़ने लगे अपना आशियाना



**झूंसी।** सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान और दुकानों को शनिवार को लोगो ने खुद तोडना शुरू कर दिया। शुक्रवार को पीडीए के अधिकारी लाव लश्कर लेकर झूंसी में पहुचे थे और लोगो को चेतावनी दी थी। बुल्डोजर के डर की वजह से सड़को किनारे बनी दुकानों व मकानों के मालिक पूरे दिन अवैध निर्माण को तोड़ते नजर आए। झूंसी माघ मेले के निकट जाम लगने वाली सड़कों का पीडीए द्वारा चौड़ीकरण कराया जा रहा है। चौड़ीकरण की जड़ में आए सभी मकान, दुकान स्वामियों को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने नोटिस देकर जवाब मांगा था जिसके बाद नाप कर लाल निशान भी लगा दिया और सभी को स्वयं ही अपने-अपने अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। लेकिन लोग अवैध अतिक्रमण हटाने में आनाकानी कर रहे थे। शुक्रवार को पीडीए के जोनल संजीव कुमार के बीएन सिंह दो जेसीबी व तोड़ू दस्ते के साथ चौड़ीकरण वाली सड़कों पर मार्च कर लोगों को चेतावनी दी कि अगर स्वयं अपने अवैध निर्माण को नहीं हटाएंगे तो उन पर अब बुल्डोजर चलेगा। बुल्डोजर की डर की वजह से शनिवार को पुरानी झूंसी से नई झूंसी जाने वाले मार्ग पर लोग स्वयं दुकान व आशियाने को तोड़ने लगे।

### शिक्षक श्रीनाथ पांडेय गया धाम किया प्रस्थान



**जंघई।** गया, जहां भगवान विष्णु स्वयं पितरों को मोक्ष प्रदान करते हैं। पुराणों के अनुसार पितरों का श्राद्ध और तर्पण करने के लिए गया से श्रेष्ठ स्थान कोई दूसरा नहीं है। कहा जाता है कि गया में स्वयं भगवान विष्णु पितृ देवता के रूप में निवास करते हैं। गया तीर्थ में श्राद्ध कर्म पूर्ण करने के बाद भगवान विष्णु के दर्शन करने से मनुष्य पितृ, माता और गुरु के ऋण से मुक्त हो जाता है।पूर्ण श्रद्धा और विधि-विधान के साथ श्राद्ध और तर्पण करने से पितृ, देवता, गंधर्व, यक्ष आदि अपना शुभ आशीर्वाद देते हैं, जिससे मनुष्य के समस्त पापों का अंत हो जाता है। पितृ पक्ष में अपने माता-पिता एवं पूर्वजों के मोक्ष प्राप्ति हेतु पांडेयपुर, भानीपुर गांव निवासी इंजीनियर कैलाश नाथ पांडेय एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्रीनाथ पांडेय सपत्नी रविवार को गया धाम प्रस्थान किया। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूर्वजों का ध्यान करते हुए पिंडदान किया तत्पश्चात ढोल नगाड़े, गाजे-बाजे, डीजे के साथ गांव की परिक्रमा करते हुए अपने खानदान के समस्त घरों की सुख शांति हेतु अक्षत छिड़कते हुए गया धाम प्रस्थान किया।

### नाना नानी का श्राद्ध करने रवाना हुए गयाधाम



**सहसों।** सिंगरामऊ गांव निवासी प्रभाकर पांडे पत्नी उमा पांडे के साथ तर्पण, श्राद्ध, पूजन हवन इत्यादि के पश्चात रविवार को अपने नाना नानी सहित अन्य पितरों को गयाधाम में श्राद्ध के लिए यात्रा पर रवाना हुए। इस अवसर पर यात्रा से पहले घर पर विधि विधान से तर्पण, पिंडदान एवं पूजन पाठ आचार्य विद्वान तीर्थराज शुक्ला द्वारा कराया गया। इस मौके पर आचार्य ने यजमान को गयाधाम महात्म्य को बताते हुए बताए कि गरुण पुराण के अनुसार गयाधाम करने का मतलब है कि गयाधाम में पितरों का श्राद्ध करना, पिंडदान करने का विशेष महत्व बताया गया है। पितरों हेतु गयाधाम के लिए घर से निकलने पर एक-एक कदम पितरों के स्वर्गारोहण हेतु एक-एक सीढ़ी बन जाती हैं। तदुपरांत सगे संबंधियों, पास पड़ोस एवं मोहल्ले कि लोगों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराने के पश्चात अक्षत छिड़कते हुए मंगल गीत ध्वनि के साथ गाजेबाजे सहित गयाधाम के लिए रवाना हुए।

### जन कल्याण दुगार्पूजा समिति भोगीपुर ने नवरात्रि की तैयारियों पर किया विचार-विमर्श

**जंघई।** जन कल्याण दुगार्पूजा समिति भोगीपुर सेमरी जंघई की प्रथम बैठक शनिवार को गांव के चौरा माता मंदिर पर संपन्न हुई।बैठक में दुगार्पूजा को और बेहतर बनाने हेतु विस्तार से चर्चा हुई एवं मदद फाउंडेशन द्वारा 20 अक्टूबर को निशुल्क नेत्र कुंभ में कैसे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके उस पर विशेष चर्चा हुई।इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों में रोहित तिवारी संस्थापक जन कल्याण सेवा संघ, अशोक कुमार तिवारी मार्गदर्शक, प्रवीण तिवारी पूर्व कोषाध्यक्ष, संदीप तिवारी कोषाध्यक्ष, विशाल तिवारी सुरक्षा प्रमुख, प्रज्वल तिवारी मीडिया प्रभारी, अभिनव आनंद शांडिल्य महाराज, कथावाचक रंजीत तिवारी, प्रत्युष तिवारी, सूरज तिवारी, सुमित तिवारी एवं जन कल्याण सेवा संघ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल चनेथू ने नवरात्रि पर विचार-विमर्श किया

**जंघई।** नवरात्रि जैसे जैसे नजदीक आ रही है दुर्गा पूजा की तैयारियों पर विचार-विमर्श बैठक का आयोजन समितियों द्वारा किया जा रहा है।नवरात्रि का शुभारंभ 15 अक्टूबर को हो रहा है क्षेत्र में लगने वाले पूजा पंडालों की तैयारियां जोरों से चल रही है।इसी क्रम में मां विंध्यवासिनी भक्त मंडल श्री सांईवाटिका चनेथू की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया तथा भव्यता से नवरात्रि में दुर्गा पूजा का आयोजन करने के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं रणनीति बनाई गई। बैठक में जितेंद्र दुबे, अजय दुबे, नारायण दुबे, दिलीप दुबे, परमिल दुबे, अनुज दुबे, रवि दुबे, शुभ मिश्रा मौजूद रहे।

### छरिबना वालीबाल टूनार्मेंट 2023 का किया गया आयोजन



**लालापुर।** क्षेत्र के छरिबना में बॉलीबाल टूनार्मेंट 2023 का भव्य आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष पांडे (पूर्व प्रधान), जवाहरलाल पांडे, राघवेंद्र प्रसाद पांडे, ज्ञानेंद्र प्रसाद पांडे, राम शगुन पांडे ,राजू (शुभम पांडे) अभिषेक पांडेय व विवेक पांडेय रहे। कार्यक्रम का आयोजन अनूप पांडेय के द्वारा किया गया। बता दें कि छरिबना ग्राम सभा में रेड टीम और येलो टीम का वॉलीबॉल टूनार्मेंट खेला गया , जिसमें येलो टीम की जीत हुई है। येलो टीम खिलाड़ी - सुमित पांडे ( कैप्टन) शुभम ,अभिनव ,हर्षित, अभिषेक, दिव्यांश, श्रेयस रहे और रेड टीम खिलाड़ी - अनुराग(कैप्टन )अर्पित, आकाश, सृजन ,अभिषेक, विनायक, आकाश रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

### शिक्षक विधायक डॉ बाबू लाल तिवारी का आगमन 18 को कई कार्यक्रमो में भाग लेंगे

**करछना।** प्रयागराज डॉ बाबू लाल तिवारी शिक्षक विधायक प्रयागराज झांसी का प्रयागराज जनपद के जमुनापार में आगमन दिनांक 18 अक्टूबर दिन बुधवार को, इन विद्यालयों में संपर्क करेंगे, उसके बाद गंगा इंटर कॉलेज बबुरा में सम्मान समारोह में शामिल होंगे,1-भैया राकेश दुबे स्मारक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नई बाजार, नैनी कीर्ति प्रकाश द्विवेदी के विद्यालय में,2-राजेंद्र प्रसाद रज्जू भैया विश्वविद्यालय में वॉइस चांसलर और रजिस्टार से मुलाकात करेंगे पश्चात, सनबीम पब्लिक स्कूल महुवारी में स्वागत, बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर में ,सर्वोदय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज भीरपुर,जी,एस साइंस अकेडमी मझुवा, राम कृपाल इंटर कॉलेज नारायणपुर बसही में स्वागत गंगा इंटर कॉलेज बबूरा सम्मान समारोह में शामिल होंगे, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज अमिलो में कार्यक्रम में शामिल होंगे

### निमंत्रण में सब्जी गिर जाने पर मारपीट तोड़ी बाइक, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** निमंत्रण में भजन करते समय एक व्यक्ति से सब्जी गिर जाने से मार पीट कर उसकी बाइक तोड कर जान से मारने की धमकी दी गई।भुक्तभोगी ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता निवासी उदयराज पाल पुत्र रामबहादुर पाल का कहना है कि वह अपनी बाइक से गांव के कल्लू के यहां निमंत्रण में गया था। उदयराज पाल का आरोप है कि उससे थोडी सी सब्जी गिर गई। जिसपर उसे गिरा कर लात, घूंसों से पीटा गया और जान से मारने की धमकी देते हुए बाइक क्षतिग्रस्त कर दी गई। उदयराज पाल ने मऊआइमा थाने में ग्राम सरायखानदेव के सराय निवासी लोनी, गोलू, सनी हेला, जटायू, सुनील उर्फ पुत्तीलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है.।

### किसान की भैंस चोरी ऑनलाइन मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** घर के बाहर बंधी कीमती दूधारू भैंस अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।भुक्तभोगी ने ऑन लाइन मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के वृसिंहपुर उर्फ अलीपुर गांव निवासी सुभाष चन्द्र पुत्र शिवप्रताप पटेल अपनी भैंस घर के सामने बांधे थे। जिसे गत दिनों अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। बताया गया है कि भैंस की कीमत लगभग 50 हजार रुपये की थी। सुभाष चंद्र ने ऑनलाइन मुकदमा दर्ज कराया है।

### तहसील स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 10 और 11 को

**करछना।** 67वीं संभागीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 अक्टूबर को कौंधियारा ब्लॉक के मोतीलाल नेहरू पीजी कॉलेज के प्रांगण में संपन्न होगा, यह जानकारी श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के संयोजक प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने दी। कार्यक्रम का उद्धाटन 10 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी०एन० सिंह जी होंगे, साथ ही समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 11 अक्टूबर को सम्पन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवं निवर्तमान एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी होंगे।

# 13 से 31 अक्टूबर तक प्रदेश घर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** संचारी रोगों के खिलाफ योगी सरकार की मुहिम अक्टूबर माह में भी जारी रहेगी। 13 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (16 से 31 अक्टूबर) के तहत विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे अभियान की प्रतिदिन निगरानी और रिपोर्टिंग होगी तथा शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले उत्तरदायी कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।प्रदेश में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम के लिए योगी सरकार ने कई विभागों के समन्वय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान संचालित कर रही है। इसमें न सिर्फ संचारी रोगों को फैलने से रोकने की कार्यवाही की जा रही है बल्कि पीड़ित रोगियों के इलाज क भी समुचित व्यवस्था की गई है। सीएचसी मेजा के अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण हेतु माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है सभी संबंधित विभागों एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं इस संचारी अभियान को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है।

**निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार प्रतिदिन हो संचालन :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश ने बताया कि प्रदेश में 3 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान का प्रभावी संचालन किया जाना है। ऐसे में विभाग द्वारा जारी संबंधित उल्लेखित बिंदुओं पर प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही कराते हुए निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान के दौरान प्रतिदिन गतिविधियों का संचालन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में मच्छरों की ज्यादा समस्या है उन संभावित गांव में दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। इसके साथ ही झाड़ियां की कटाई भी कराई जाएगी। शुद्ध पेयजल की ब्लॉक मुख्यालय के माध्यम से व्यवस्था कराई जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीण फुल बाही का कपड़ा पहने और घरों में मच्छर भगाने का क्वायल का प्रयोग करें।

### सघन मच्छर नियंत्रण गतिविधियों पर होगा फोकस

**मेजा।** अभियान को अंतर्विभागीय गतिविधियों के तहत जिस माइक्रोप्लान के तहत संचालित किया जा रहा है, उसमें गावो के अंदर मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति की सतत निगरानी, विगत वर्ष के आंकड़ों के आधार पर निर्धारित हाई रिस्क एरिया तथा संचारी रोग अभियान में पाई गई अधिक मच्छर घनत्व वाले क्षेत्रों में सघन मच्छर नियंत्रण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त घरों के अंदर मच्छरों के प्रजनन अनुकूल स्थितियों की जांच करना भी शामिल है, जिसके लिए आशा तथा आंगनबाड़ी और जनपद द्वारा ब्रीडिंग चेकिंग के लिए अन्य कर्मचारियों को लगाया गया है। मच्छरों के प्रजनन पर रोक तथा मच्छरों के काटने से बचाव के उपायों पर आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जानकारी दी जाएगी। ग्राम विकास और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोर्स रिडक्शन गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसके अलावा लेप्टोस्पाइरोसिस तथा स्क्रब टायफस के रोगियों की निगरानी व इलाज के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# मृतक ओमशंकर के घर पहुंची नीलम करवरिया

शोकाकुल परिवार को बधाया ढाढस, आरोपियों की गिरफ्तारी की कही बात



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के चपरतला गांव स्थित पेट्रोल पंप के मैनेजर का शव पेट्रोल पंप के आफिस के कमरे में पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया था। परिजनों ने मारकर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। जिसमें दो ज्ञात और एक अज्ञात के खिलाफ 302 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।कल शनिवार को मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही और श्रीमती करवरिया ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी इंजिनियर नित्यानंद उपाध्याय, समाजसेवी विजयकांत मिश्रा, सुभाष पयासी, धीरज दुबे, जितेन्द्र शुक्ला, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले प्रबन्धक के निधन पर शोक की लहर

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के रामनगर स्थित आभा यादव स्मारक कन्या पीजी कालेज व सरदार राजनारायण यादव इंटरमीडिएट कालेज एवं श्रीमती शकुंतला देवी यादव कन्या इंटर कालेज आधार शिला रखने वाले अद्धितीय प्रतिभा के धनी माननीय प्रबन्धक अभयराज सिंह यादव मंत्री जी का देहांत हो गया। वे 89 वर्ष के थे। मंत्री जी लगभग दो तीन महीने से बीमार चल रहे थे। बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर पर समूचे रामनगर बाजार और पूरे मेजा क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। और उनके रामनगर स्थित पैतृक आवास पर लोगो ने उनके अंतिम दर्शन किये। और उनका गंगा घाट पर दाहसंस्कार किया गया। और उनके आवास पर श्रद्धाजंलि देने वाले का तांता लगा रहा। मंत्री जी अपने सादगी एवं सरल व्यवहार के लिए काफी जाने जाते थे। उन्होंने सदैव शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। मंत्री जी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। जिन्होंने शुरूआत से ही संस्था का नेतृत्व किया और संस्था को बुलंदियों पर ले गए और शिक्षा की अलख जगाये। बड़े पैमाने पर समाज के लिए उनकी चिंता मार्मिक थी। हम उन्हें हमेशा याद करेंगे।

### सहसों के युवा व्यवसायी का निधन बाजार हुआ गमगीन

घर का कमासुत बेटा था हैप्पी, बचपन में ही उठ गया था पिता का साया

**सहसों।** युवा व्यावसायी हैप्पी केसरवानी की बीतीरात में सीने पर दर्द होने पर सुबह परिजन लेकर अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजन सहित सहसों बाजार के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार हैप्पी केसरवानी 22 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम कैलाश केसरवानी चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। बचपन में ही पिता का साया उठ जाने के पश्चात भाइयों के साथ मिलकर व्यवसाय करते हुए अपना तथा परिवार का भरण पोषण करने लगा। परिजनो ने बताया कि शनिवार की रात भोजन करने के पश्चात सीने में दर्द हुआ तो वह अपने कमरे में जाकर लेट गया। सुबह मां रानी देवी उठाने का प्रयास किया। तो वह नहीं उठा। जिससे मां की चीख पुकार सुनकर अन्य भाइयों ने तत्काल उसे ले जाकर अस्पताल में उपचार हेतु दिखाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवा व्यवसायी के असामयिक निधन से सहसों बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर पहुंचे सोहनलाल केसरवानी, अमित जायसवाल, विजय कुमार केसरवानी, शिवम केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, विपिन केसरवानी, अभिषेक केशरवानी, घनश्याम केसरवानी सहित सभी व्यापारियों ने शोक जताते हुए शोकसंतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया और मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।

# लोकनाट्य नौटंकी रंगमंच की धरोहर हैं : मास्टर बृज बिहारी

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज लोकनाट्य की नौटंकी विधा तमाम पौराणिक, ऐतिहासिक, सामाजिक लोककथाओं को रंगरास में समेटे अपने विशेष आकर्षण के साथ रंगमंचों पर बहुचर्चित रही। जमुनापार में 80के दशक में नौटंकी रंगमंचों पर अपने अभिनय से दर्शकों को रोमांचित करने वाले,अपनी नायक की भूमिका को लेकर प्रदेश में चर्चित रहे,कौंधियारा के गोंठी गांव निवासी मास्टर बृज बिहारी पाण्डेय हमारे जमुनापार की धरोहर हैं। एक मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि उन दिनों नौटंकी का जलवा था। जमुनापार के बरौली में राधेश्याम की मण्डली का ग्लैमर किसी थियेटर की चर्चित फिल्म पर भी बीस था। शादी बिबाह के मौसम में बरौली मण्डली की नौटंकी का नाम सुनकर हजारों दर्शकों की भीड़ जुट जाती थी। कहीं कहीं तो बैठने की जगह को लेकर मारामारी की नौबत आ जाती थी और आयोजकों को पुलिस की व्यवस्था करनी पड़ती।उन दिनों बरौली मण्डली की'दस गज कफन 'नौटंकी बहुत मशहूर थी। जिसमें मुख्य नायक सूरज का अभिनय विशेष आकर्षण था,इसकी भूमिका के दौरान नायिका चन्दा की मांग भरने के लिए,मंच पर ही अपनी तलवार से शरीर में चीरा लगाकर खून के सिंदूर से मांग भरते थे। उनकी यह अद्भुत लाजवाब कलाकारी आज भी क्षेत्र के बुजुर्ग नहीं भूल पाते। कौतूहल वश जानने की कोशिश करने पर उन्होंने दिखाया तो आज भी उनकी हथेली,उंगली, कलाइयों,हाथों में सैकड़ों निशान मौजूद मिले।इस अद्भुत कला के अलावा भी मास्टर बृज बिहारी की लाजवाब सुरीली आवाज के लोग मुरीद थे। आकर्षक चेहरा,बेहतरीन अभिनय और नायाब कलाबाजी के चलते दशकों तक रंगमंच पर छाये रहे।कला शिक्षक के रुप में एक विद्यालय में नौकरी के अलावा,पशु चिकित्सक,और तीन-तीन बार अपने गांव के प्रधान रहने के बाद भी कला के इस पुजारी की सादगी हंसमुख स्वभाव लोकप्रियता मिलन सारिता के बीच दंभ और गुरूर आज तक नहीं छू पाया। अपने जमाने में वे कबड्डी के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी रहे। बृज बिहारी वास्तव में साहित्य, संगीत, कला से भरेपूरे एक अद्भुत कला साधक हैं। जिन्हें कई मंचों पर सम्मान भी मिला,आम जनमानस और कला प्रेमियों से दुलार के साथ साथ आदर सत्कार और बहुत दूर-दूर तक नाम भी। हो न हो बदलते दौर में बदले रुप रंग के साथ बदलते मिजाज बदली धुनों के बीच अपना एक अलग तेवर लेकर नौटंकी आज भी है लेकिन जीवन के 75 बसन्त पार कर चुके मास्टर बृजबिहारी पाण्डेय जैसे कला साधक अनूठे लोक कलाकार बिरले ही दीखते हैं। अपने यह कलाकार हमारे समाज की पूंजी हैं। माटी की थाती और धरोहर हैं। अपनी नौटंकी विधा को संजोने हेतु ऐसे महान कलाकारों के सानिध्य में रंगमंच के नये कलाकारों को भी तालीम लेने की जरूरत है।

# वायरल फीवर व अन्य बीमारियों से रहें सावधान : डॉ अमित यादव

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** बदलते मौसम एवं तापमान में उतार चढ़ाव एवं घर के आसपास तथा मोहल्लों में फैली गंदगियों के कारण इस समय तरह तरह की बीमारियां लोगों को ग्रसित कर रही हैं। बदलते मौसम में लोगों को अपने शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें रविवार को सहसों बाईपास स्थित हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित गोष्ठी में लोगों को निःशुल्क परामर्श देते हुए डॉक्टर अमित यादव ने कही। उन्होंने बताया कि इस समय वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस तथा पेट संबंधी कई बीमारियां फैल चुकी हैं। जिससे हर लोगों को चाहिए कि ऐसी बीमारियों के बचाव के लिए घर में एवं घर के आसपास गंदगी ना फैलने पाए इसलिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पानी का जमाव न होने पाए क्योंकि गंदगी से ही बीमारियों का संक्रमण बहुत तेज फैलता है। उन्होंने बचाव का उपाय बताते हुए कहा कि पूरी बांह का शर्ट पहने, सोते समय मच्छरदानी अथवा आलआउड का प्रयोग करें, खान पान पर विशेष ध्यान दें जैसे ताज भोजन करें, कम मसालेदार सब्जी का प्रयोग करें, ताजे फल खाएं हो सके तो गुनगुने जल का सेवन करें एवं नियमित सुबह दैनिक क्रिया के बाद 10 से 20 मिनट का व्यायाम जरूर करें। गोष्ठी में मौजूद पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर ए के मिश्रा ने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इस समय इस मौसम में फैले सीजनी बुखार को गंभीरता से लेते हुए योग्य चिकित्सक के पास जाएं उचित परामर्श लेकर उनके ही देखरेख में इलाज कराएं एवं लापरवाही बिल्कुल ना बरतें। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा अच्छे स्वास्थ्य के लिए शरीर का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है स्वच्छता ही हर बीमारियों का बचाव है। इस अवसर पर डॉक्टर ए के सिंह, डॉक्टर संजय पांडे, नीरज पांडे, शिवम पाल, अजय तिवारी एवं राजू यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# इंडियन एयरफोर्स ने मनाया 91वां स्थापना दिवस एयर-शो में जीता प्रयागराज वासियों का दिल

**राफेल ने आसमान में 7 गोते खाए, सूर्य किरण ने बनाया दिल, 29 लड़ाकू विमानों ने दिखाया दम, एयर शो में पहली बार महिला ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी ने भारतीय वायुसेना दिवस की परेड का जिम्मा संभाला**

अखंड भारत संदेश







**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज के आसमान में रविवार दोपहर से शाम तक अद्भुत नजारा दिखा। सबसे बड़े एयर शो में भारतीय वायुसेना के विमान सारंग, चिनूक, सूर्य किरण, तेजस, ग्लोब मास्टर और सूर्य किरण ने आसमान में करतब दिखाए, तो वहां मौजूद लाखों लोग तालियां बजाने लगे। दरअसल, आज भारतीय वायुसेना ने अपना 91वां स्थापना दिवस मनाया। इसमें उसके 120 विमानों ने अपना शौर्य दिखाया। इसमें 29 लड़ाकू विमान शामिल थे। सारंग के 5 हेलिकॉप्टर ने हवा में आई और डायमंड की आकृति बनाई। सूर्य किरण में आसमान में पहले दिल का शेप बनाया। फिर उसको भेदते हुए निकल गया।

वहीं, राफेल ने आसमान में सात गोते खाए। इसके बाद तेजस, सुखोई के साथ फॉर्मेशन में युद्ध जैसी स्थिति को क्रिएट किया। मेक इन इंडिया की तर्ज पर बने स्वदेशी C-295 विमान ने पहली बार संगम पर उड़ान भरी। वहीं, मिग-21 BISON ने आखिरी फ्लाई पास्ट किया। दो विमानों ने आसमान में ही मिग-21 को आखिरी सलामी भी दी।

इस एयर शो में पहली बार महिला ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी ने भारतीय वायुसेना दिवस की परेड का जिम्मा संभाला। ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी कॉम्बैट यूनिट में कमांड अपॉइंटमेंट पाने वाली पहली महिला वायुसेना अधिकारी हैं। उनके पास 2800 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरिएंस है।

एयरफोर्स का शौर्य देखने के लिए कुंभ मेले के जैसी लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी। करीब 20 लाख लोग मौजूद रहे। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई थी। एयर शो 2:30 बजे शुरू हुआ और 4.50 बजे खत्म हुआ।

रविवार सुबह सात बजे बमरौली में फुल ड्रेस परेड शुरू हुई जो दोपहर करीब 12 बजे तक चली। इस दौरान पैराट्रूपर्स 8000 फीट से नीचे जंप किए। जबकि अपाचे, चिनूक जैसे हेलिकॉप्टर्स, सुखोई, मिग, सूर्य किरण जैसे विमानों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन किया।

एयर चीफ मार्शल ने कहा-इस साल के वायु सेना दिवस की थीम IAF- एयर पावर बियॉन्ड बाउंड्रीज है। यह विषय वायु शक्ति की अंतर्निहित वैश्विक पहुंच को दिखाता है। वायु सेना का संचालन दुनियाभर में फैला है, जो तीव्र गतिशीलता और वैश्विक पहुंच प्रदान करता है। यह पहुंच किसी राष्ट्र को तेजी से तैनाती, एचएडीआर और शांति स्थापना मिशनों के रूप में सीमाओं से परे वायु शक्ति को प्रोजेक्ट करने की अनुमति देती है। हमें वायु शक्ति को विकसित करने, शांति बनाए रखने की गति निर्धारित करने और यदि आवश्यक हो तो युद्ध लड़ने और जीतने की बारीकियों को समझने की जरूरत है।

एयर चीफ मार्शल ने कहा कि पिछले नौ दशकों में भारतीय वायुसेना लगातार विकसित हुई है। आज दुनिया की बेहतरीन वायु सेनाओं में से एक है। लेकिन, क्या इतना काफी है? यदि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है, तो 2032 में जब हम 100 वर्ष पूरे करेंगे, तब तक भारतीय वायुसेना को सर्वोत्तम नहीं तो सर्वोत्तम राष्ट्रों में से एक होना चाहिए।

## एयर चीफ मार्शल बोले- 2032 तक दुनियां की सर्वश्रेष्ठ वायुसेना भारत की होगी

**प्रयागराज।** बमरौली में आयोजित एयरफोर्स डे की परेड को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि भारत अपने को 2047 में विकसित देश के रूप में देखना चाहता है। ऐसे में यह सबसे जरूरी हो जाता है कि भारतीय वायु सेना जब 2032 में अपनी 100वीं वर्षगांठ माना रहा हो तब तक दुनिया की वन ऑफ द बेस्ट वायु सेना के रूप में विकसित हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय मॉडर्न एयरफोर्स केवल एयरफोर्स ही नहीं है, बल्कि यह स्पेस सुपर पावर के रूप में भी दुनिया के सामने उभर रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा को देखते हुए भारतीय वायु सेना और वायु सैनिक अपने आप को तकनीकी रूप से और दक्ष वा सक्षम बनाएं।



## आईएएफ प्रमुख ने नए ध्वज का किया अनावरण

**बोले- हर चुनौती का सामना करने के लिए हम तैयार**

**प्रयागराज।** वायुसेना स्थापना दिवस पर बमरौली एयरफोर्स स्टेशन में परेड किया गया। परेड की सलामी एयर चीफ मार्शल वीएस चौधरी ने ली। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीएस अनिल चौहान शामिल हुए। परेड के दौरान वायु सेना प्रमुख ने भारतीय वायु सेना के नए झंडे का भी अनावरण किया। बताते चलें कि वर्तमान ध्वज में अशोक स्तंभ के शेर और उसके नीचे देवनागरी में सत्यमेव जयते लिखा है। ऐतिहासिक अशोक स्तंभ भारत का राजचिह्न भी है। नीचे एक हिमालयी ईगल है, जिसके पंख फैले हुए हैं, जो भारतीय वायुसेना के लड़ने के गुणों को दशार्ता है। हल्के नीले रंग के घेरे में हिमालयी ईगल को घेरे हुए है, जिस पर लिखा है भारतीय वायुसेना। भारतीय वायुसेना के आदर्श वाक्य संस्कृत में 'नभः स्पृशं दीप्तम' है। हिंदी में इसका अर्थ है 'जीत के साथ आकाश को छुओ।' यह आदर्श वाक्य श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 11 के श्लोक 24 से लिया गया है और इसका अर्थ है। उज्ज्वल तू स्वर्ग को छूएगा या दूसरे शब्दों में महिमा के साथ आकाश को छूना।

**झंडे के ऊपरी हिस्से में दाएं कोने पर किया गया बदलाव :** वायुसेना का वर्तमान ध्वज नीले रंग का है। इसमें पहले चतुर्थांश में राष्ट्रीय ध्वज है और केंद्र में राष्ट्रीय ध्वज के रंगों, यानी केसरिया, सफेद और हरे रंग से बना एक गोलाकार घेरा है। इस पताका को 1951 में अपनाया गया था। एयरफोर्स की तरफ से जारी बयान में कहा गया, वायु सेना के मूल्यों को बेहतर ढंग से दिखाने के लिए अब एक नया ध्वज बनाया गया है। झंडे के ऊपरी हिस्से में दाएं कोने पर बदलाव किया गया है। फ्लाई साइड की ओर वायुसेना क्रेस्ट को शामिल किया जाएगा।रविवार को नए ध्वज को सबसे पहले चार वायु योद्धाओं द्वारा एक चलित मंच पर स्थापित करके वायुसेना प्रमुख के सामने लाया गया। उसके बाद वायु सेना प्रमुख नए ध्वज का अनावरण किया। वहीं, उनके सामने दो ड्रोन पर्दे की दीवार के पीछे से एक बड़ी पताका उठाई गई। जिसे परेड की पृष्ठभूमि के रूप में रखा गया है। इसके बाद ध्वज स्तंभ पर नई पताका फहराई गई। वहां से पुराना संस्करण हटा दिया गया। इसे पूरे सम्मान के साथ मोड़कर वायुसेना प्रमुख को सौंपा गया और बाद में वायुसेना संग्रहालय में प्रदर्शनी के तौर पर शामिल किया जाएगा। इस दौरान वायु सेना का विमान एमआई-17वी5 वायुसेना के नए ध्वज के साथ नीची उड़ान भरी।

**72 वर्ष के बाद किया बदलाव :** भारतीय वायु सेना ने 72 वर्ष के बाद अपने झंडे में बदलाव किया है। प्रयागराज के बमरौली मध्य वायु कमान मुख्यालय पर वायु सेना दिवस पर इसका अनावरण किया। वायु सेना की स्थापना आठ अक्तूबर 1932 को गई थी। 72 वर्ष के बाद वायु सेना ने अपने झंडे में परिवर्तन किया है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायु सेना दिवस के अवसर पर बधाई दी। पीएम ने कहा कि वायु सैनिकों की महान सेवा और त्याग हमारे आकाश की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत को भारतीय वायुसेना की वीरता, प्रतिबद्धता और समर्पण पर गर्व है।

**एयर शो : संगम पर उमड़े जनसैलाब का दृश्य**



## प्रयागराज के आसमां में दिखा देश का अद्भुत शौर्य, सी-295 ने भी की आसमान की सैर



**प्रयागराज।** साहस-शौर्य और पराक्रम के अद्भुत संगम में रविवार को महाकुंभ सरीखे जन सागर के मिलन ने अद्वितीय रूप ले लिया। सेना के घातक लड़ाकू विमानों की गर्जना से आकाश दहल उठा। आठ हजार फीट ऊंचाई से हवा को चीरकर गरजते राफेल, सुखोई, सूर्यकिरण के खतरनाक जखीरे भारत की असीम सैन्य शक्ति के साक्षी बने। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ वहां मौजूद हर नागरिक का सीना गर्व से भर गया। सौ से अधिक लड़ाकू विमानों ने ढाई घंटे तक रोमांचकारी प्रदर्शन किया। संगम पर वायु प्रदर्शन दोपहर 2:44 बजे आरंभ हुआ। सबसे पहले दुश्मन के राडार से बचकर निकलने और घातक हमले करने का प्रदर्शन करते हुए संगम पर चिनूक हेलिकॉप्टर ने अपनी ताकत का एहसास कराया। इस दौरान एएन-32 विमान की मदद से आकाशगंगा समूह के 10 वायुवीरों ने जहां आठ हजार फीट ऊंचाई से छलांग लगाकर अदम्य साहस का परिचय दिया, वहीं नए ध्वज के साथ चेतक फाइटर हेलिकॉप्टर ने तिरंगे के साथ तीन के समूह में सलामी दी। इसके बाद भारतीय वायु सेना के साथ थल सेना के विमानों के रूद्र समूह ने वायु प्रदर्शन को ऐतिहासिक बना दिया। इसके बाद मिग, मिराज, सुखोई के समूहों ने जहां आसमान में गर्जना के साथ तरह-तरह की कलाबाजियां की, वहीं सारंग और सूर्य किरण के करतब ने हर किसी को चकित कर दिया। कभी वंदे मातरम तो कभी विक्ट्री और दिल बनाकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया।इस दौरान जंगी बेड़े से फाइटर मिग-21 को विदाई दी गई। उसकी कमान आधुनिक राफेल को सौंपी गई। इसके बाद बतौर मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल बीआर चौधरी ने सीडीएस अनिल चौहान को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान किले के नीचे वायु सैनिकों का मार्च पास्ट उन क्षणों को और आकर्षक बना रहा था। इस समारोह में प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने किया।परेड में पहली बार भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो की उड़ान भी शामिल है। गरुड़ ने हाल ही में राष्ट्र की सेवा के 20 वर्ष पूरे किए हैं। परेड के दौरान मध्य वायु कमान में अनुकरणीय योगदान के लिए इंडियन एयर फोर्स की चार इकाइयों में 16 स्क्वाड्रन, 142 हेलिकॉप्टर यूनिट, 901 सिग्नल यूनिट और थ्री बेस रिपेयर डिपो को प्रतिष्ठित यूनिट प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

## हाईकोर्ट कर्मचारियों के लिए बनेंगे 1023 आवास, 58 करोड़ की पहली किस्त जारी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के कर्मचारियों के लिए लीडर रोड और खुसरोबाग में कॉलोनी बनने जा रही है। इसके लिए शासन ने 58 करोड़ 22 लाख 52 हजार रुपये जारी कर दिया है। मार्च तक इसका काम शुरू हो जाएगा। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।अधिसूचना के मुताबिक इस कॉलोनी में कुल 1023 फ्लैट बनाए जाने की योजना है। इसमें तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए टाइप-2 के 220 और टाइप-1 के 803 आवास बनेंगे। कॉलोनी निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने करीब 265 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट भेजा था। शासन ने 232 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।भवन निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड-एक को दी गई है। लेकिन, अवमुक्त धनराशि के आहरण के लिए हाईकोर्ट के महानिबंधक को अधिकृत किया गया है। शासन ने कॉलोनी निर्माण में गुणवत्ता और कानूनी औपचारिकताओं को मुस्तैदी से पूरा करने का निर्देश भी दिया है, जिससे भविष्य में कोई दिक्कत न हो।कार्यदायी संस्था को भवन के मानचित्र और अपेक्षित अनापत्ति प्रमाण पत्र समय से लेने के निर्देश दिए गए हैं। अवमुक्त हुई पहली किस्त का उपयोग 31 मार्च 2024 तक किए जाने का निर्देश दिया गया है। साफ है कि हाईकोर्ट कर्मचारियों के आशियाने का निर्माण मार्च 2024 तक हर हाल में शुरू हो जाएगा।

**किरायेदारी से परेशान थे कर्मचारी :** हाईकोर्ट कर्मचारियों को प्रयागराज में रहने के लिए किराये का मकान लेना पड़ता है। हर साल किराये में बढ़ोतरी के साथ ही मकान मालिक की ओर से घर खाली करने का दबाव उनके कामकाज को प्रभावित करता था। इससे कर्मचारी परेशान थे। कर्मचारी काफी समय से कॉलोनी की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी होनी की उम्मीद है।

## नैनी में एयर शो देखने के लिए पहुंचे लाखों लोग

**वायुसेना की ताकत व करतब देख बोले भारत माता की जय, अरैल से नए यमुनापुल तक लगा रहा कई घंटे जाम**



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी अरैल एयरफोर्स ने अपना 91वां स्थापना दिवस प्रयागराज में मनाया। एअर शो देखने के लिए आसपास जिलों एवं मध्यप्रदेश बार्डर के सैकड़ो लोग पहुंचे थे। नैनी के अरैल मे ही एयरशो को देखने के लिए पांच लाख से अधिक लोग पहुंचे थे। रविवार होने के कारण लोगों का हुजूम अरैल, झूंसी, एवं संगम मे 27 लाख लोग पहुंचे थे। कई स्थानों पर भीड़ बढ़ने पर कई महिलाएं बेहोश हो गई। नैनी में अरैल रोड़, आठ लेन, लेप्रोसी, नए यमुनापुल समेत कई स्थानों पर रात आठ बजे तक लाखों की भीड़ अपने घर जाने के लिए परेशान रही। वहीं कई एंम्बुलेंस भी इस जाम का शिकार हुई। हालांकि एशिया के सबसे बड़ एयरशो को देखने के लिए लोग सारी परेशानी भूल गए और अपने वायुसेना की ताकत को देखकर भारत माता की जय के जयकारे लगाए। प्रयागराज में आयोजित वायुसेना का 91वां एयरशो को देखने के लिए संगम और अरैल घाट पर सुबह 10 बजे से ही लाखो की भीड़ जुट गई। लोगों ने भीड देखकर यहा तक कहा कि लग रहा कि 2025 का महाकुम्भ शुरू हो गया है। एयर शो में रविवार को 120 विमानों ने एयर शो करतब दिखाए । 8 हजार फीट की ऊंचाई से वायु सेना के जवानों एएन 32 विमान से 10 पैराट्रूपर्स ने ऊंचाई से छलांग भी लगाई। जवानों ने मारुति जिप्सी को 5 मिनट में खोलकर बांधा। आसमान में 03 कमांडो ने हेलिकॉप्टर से लटक कर एयरचीफ मार्शल को सलामी दी। इतना ही नही कई हैरतंगेज कलाओ का प्रदर्शन किया। चिनूक, सूर्य किरण जैसे हेलिकॉप्टर अपने हैरतअंगेज करतबों से सभी को हैरान कर दिया। खास बात यह है कि स्थापना दिवस पर वायु सेना के नए ध्वज का अनावर भी किया । यह 72 साल बाद मिला है। इसका अनावरण एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने अनावरण किया। इसमें एयरफोर्स के एंबलम यानी प्रतीक चिह्न को शामिल किया गया है।

### अरैल घाट पर बालू में रेंगते हुए दिखाई पड़े लोग





**नैनी।** नैनी अरैल एयर शो का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद लोगो में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल है भीड़ ही भीड़ नजर आ रही है! कुंभ की भीड़ जैसा माहौल दिख रहा है चारों तरफ! लोग दिखाई पढ़ रहे थे लोग अरैल के घाट तक अपनी बाइक मोटरसाइकिल फोर व्हीलर लेकर नीचे तक गए हुए थे कार्यक्रम खत्म होने के बाद इतनी ज्यादा भीड़ थी कि जिसको जहां से रास्ता मिला उधर से बाइक अपनी चढ्ढा के निकल रहे थे वहीं कुछ लोग बालू में बाइक साइकिल स्कूटी फसने की वजह से अपने साथ बच्चों महिलाओं को लेकर आए थे उनसे धक्का दिलवाते हुए दिखाई पड़े वहीं लोगों से हमने जब बात किया तो उन्होंने बताया कि यह जज्बा है हौसला है।



### यमुनापार के भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में देखा एयर शो

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति के नेतृत्व मे सैकड़ो यमुनापार के भाजपाइयों ने एयर शो देखा। जिलाध्यक्ष ने एयर फोर्स के जांबाजों की प्रसंसा करते हुए 91 स्थापना दिवस पर जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं ने शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह पटेल, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी,राज कुमार मिश्र सहित सैकड़ो की संख्या में यमुनापार के भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहकर एयर शो को देखा।

## एयर शो देखने वालों की उमड़ी भीड़ तो हर तरफ लग गया जाम



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** वायु सेवा के स्थापना दिवस पर रविवार को संगम के आसमान में हुए एयर शो को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ संगम से लेकर नैनी, झूंसी की ओर पहुंची तो हर तरफ जाम लग गया झूंसी कॉलोनी की सड़कों पर भी लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो रहा था किसी तरह से लोग गंगा तट तक पहुंच पाए। एयर शो देखने के लिए 11 बजे से ही लोगों की भीड़ टीकरमाफी माफी व छतनाग घाट गंगा तट पर पहुंचने लगी थी। लोग पानी के साथ खाने पीने की वस्तुएं भी लेकर पहुचे थे। कुछ समय बीतने के बाद वाराणसी प्रयागराज मार्ग लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे आज कौई माघ मेले का स्नान पर्व हो। भीड़ बढ़ती देख सुरक्षा व्यस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने पुलिस बूथ के पास से वाहनों को शहर की ओर जाने से रोक दिया तो लोग कॉलोनी में घुस कर गंगा तट जाने लगे इस वजह से वहाँ भी जाम लग गया। जिसको जहा जगह मिली वही गाड़ी खड़ी कर लोग पैदल ही चल दिये। यही हाल एयर शो के समाप्त होने के बाद भी रहा शाम 7 बजे तक सड़कों पर लोगो की भीड़ रही।

# शिक्षा ही ऐसी कुंजी है, जिससे सभी दरवाजे खुलते हैं: जसवंत सैनी

## अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा का हुआ शैक्षिक महोत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश जिला इकाई प्रतापगढ़ के तत्वावधान में शैक्षिक महोत्सव कार्यक्रम श्रीहरि पैलेस में आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 2023 में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक, 150 छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता कुशवाहा राकेश महतो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने किया।

मुख्य अतिथि जसवंत सैनी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे।



शैक्षिक महोत्सव में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्य मंत्री जसवंत सैनी।

विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर प्रतापगढ़, ऊषा मौर्य विधायक फतेहपुर, एवं जे. एन. मौर्य मुख्य स्थायी अधिवक्ता उत्तर प्रदेश सरकार हाईकोर्ट इलाहाबाद रहे। सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित हुआ। बुद्ध वंदना तथा त्रिशरण का वाचन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, पर्यावरण प्रदर्शनी एवं पाली भाषा, महापुरुषों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में समाज में विशेष योगदान करने वाले स्मृति शेष व्यक्तियों के नाम पुरस्कार वितरण किया गया। उनके जीवन के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वीरेंद्र विक्रम मौर्य डिप्टी एसपी लखनऊ, डॉ शैलेंद्र विक्रम मौर्य कैंसर सर्जन, अजय मौर्य अधीक्षक डाक विभाग वाराणसी ने छात्र एवं छात्राओं को अधिकारियों द्वारा कैरियर गाइडेंस भी दिया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही ऐसी कुंजी है, जिससे सभी दरवाजे खुलते हैं। शिक्षा के माध्यम से आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर ने सभी बच्चों को बधाई दी। ऊषा मौर्य विधायक फतेहपुर ने बच्चों को सम्मानित किए। विशिष्ट अतिथि प्रमोद मौर्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतापगढ़, ज्ञान प्रकाश मौर्य पूर्व राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश, वी. के. सिंह जिला कमांडेंट होमगार्ड मिजार्पुर, डॉ दयाराम मौर्य रत्न, पूर्व एडीआइओएस, डॉ शिवमूर्ति लाल मौर्य, डॉ राधेश्याम मौर्य पर्यावरणविद, महेंद्र मौर्य राष्ट्रीय महासचिव आदि उपस्थित रहे। अशोक प्रताप मौर्य जिलाध्यक्ष, अजीत मौर्य जिला प्रभारी, आलोक मौर्य, महेश मौर्य, प्रदीप मौर्य, अमित निराला, शैलेंद्र सागर, निभा मौर्य, डॉ पुष्पलता मौर्य, विवेक कुशवाहा, चंदन मौर्य, सुरेश मौर्य, अभिजित मौर्य, रमेश मौर्य, फूल चंद्र मौर्य, डॉ सूर्य बली मौर्य, आदि हजारों लोग उपस्थित रहे। कवियों में अनुज अंगार मध्यप्रदेश, राकेश जौनपुरिया, प्रदीप मौर्य लोकगायक, आदि ने खूब कविताओं के माध्यम से तालिका बटोरी, संयोजक आलोक कुशवाहा, तथा संचालन शैलेंद्र प्रताप मौर्य ने किया।

## मिडिल स्कूल के कर्मचारी की मौत का नहीं खुल पा रहा राज

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परियावा मे 5 अक्टूबर 23 की सुबह लगभग सात बजे स्कूल के कमरे मे सदिग्घ परिस्थितियों मे रस्सी के सहारे लटकता हुआ शव मिला था। जिसे पुलिस आत्म हत्या मानकर चल रही थी लेकिन जब पोस्टमार्टम से मृतक अनुचर कर्मचारी जयप्रकाश यादव पुत्र स्व0 राम बहादुर यादव (48) वर्षीय का शव घर पहुंचा तो मृतक के परिजनों ने शव का अंतिम सँस्कार करने से मना कर दिया कि जय प्रकाश ने आत्म हत्या नही किया इसकी कही हत्या करके शव को स्कूल के कमरे मे लटका दिया ताकि पुलिस घटना को आत्म हत्या मानकर कार्रवाई करे। घटना को तीन दिन बीत गये अभी तक पुलिस कोई नतीजे पर नही पहुंच सकी।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्रों ने लिया हिस्सा

## भाविप के तत्वधान में केपी इंटर कालेज में हुई परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत विकास परिषद विशाल के तत्वाधान में भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता रविवार को नगर के केपी इंटर कालेज में संपन्न हुई। जिसमें सैकड़ों छात्रों ने हिस्सा लिया। भीड़ की वजह से सड़क पर जाम लग गया था। भारत का इतिहास यहां जन्मे विद्वानों, महापुरुषों के योगदान के साथ साथ संस्कृति और विरासत की हकीकत को आज के छात्रों के समझाने उनसे साझा करने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद विशाल ने भारत को जानो सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराकर एक नई पहल की है। परिषद के संरक्षक और परीक्षा के संयोजक उदय भानु सिंह ने बताया कि इसी क्रम में रविवार को केपी इंटर कालेज में परीक्षा का आयोजन किया। जनपद के कई स्कूलों के 450 छात्रों ने फार्म भरा था। जिसमें से 320 ने परीक्षा दी। परिषद के सचिव अश्विनी केसरवानी ने बताया कि परीक्षा में पास होने वाले छात्र प्रश्न मंच में भाग लेंगे। परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर अजीत नगर,शिशु मंदिर गड़वारा, चिलबिला,श्रीराम बालिका इंटर कॉलेज,संगम इण्टरनेशनल, वी.एस. मेमोरियल,एंजिल्स इंटर कॉलेज,एम. बी.एस. भुपियामऊ, साकेत गर्ल्स कालेज, और बी.एस.एस. एकेडमी के छात्र शामिल हुए। गिरजा शंकर मिश्रा, शरद केसरवानी, पीयूष कांत, कोषाध्यक्ष शिशिर खरे, महिला संयोजिका कविता केसरवानी, संजीव आहूजा, बीना, प्रमिला, अनामिका, पूनम, सरोज सिंह, मंजीत सिंह, क्षितिज, राजेश, अनीस, कौस्तुभ, रोमी, ओमप्रकाश सहित अनेक सदस्यों का योगदान रहा।

# उपेक्षित कार्यकर्ता भी सपा मुखिया से मिलकर हुए उत्साहित

## जीवन भर सपा में रहने का लिया संकल्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विगत चार व पांच अक्टूबर को समाजवादी पार्टी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने आए सपा मुखिया अखिलेश यादव पहली बार नगर में कार्यकताओं से मिलकर उन्हें महत्व दिया। रुठे सपाईयों को मनाया और कई प्रतिष्ठित परिवारों में जाकर उनसे मुलाकात की।

ऐसा ही दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मरुआन गांव निवासी सपा युवजन सभा के पूर्व उपाध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के जिला कार्यकारिणी के सदस्य अरविन्द यादव उर्फ गुड्डू नेता अपने परिवार के साथ सपा मुखिया से मिलकर गदगद हैं। उनका कहना है कि सपा मुखिया ने एक साधारण कार्यकर्ता को जिस तरह महत्व दिया है, उससे उन्होंने जीवन भर समाजवादी पार्टी का झण्डा फहराने का संकल्प लिया है। बता दें कि समाजवादी पार्टी में गुटबाजी के चलते अरविन्द यादव दुखी रहते थे लेकिन अखिलेश यादव ने ऐसे तमाम कार्यकताओं को प्रोत्साहित किया जो पार्टी में अपना योगदान देते रहे हैं।



सपा मुखिया से मुलाकात करते कार्यकर्ता ।

## सीमेंट सरिया की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ललौटी टिकरिया मोड पर बाबूपुर कनाँवा गांव निवासी अमित सिंह की सिंह इंटर प्राइजेज के नाम से सीमेंट सरिया की दुकान है बीती शनिवार की रात अपनी दुकान बंद करके घर चले गये। सुबह दुकान का ताला टूटा देख ग्रामीणो मे हड़कंप मच गया जिसकी जानकारी ग्रामीणो ने फोन से अमित सिंह को दी मौके पर पहुँचे दुकान स्वामी अमित सिंह के पैरो तले जमीन खिसक गई कहा कि बीते लगभग चार माह पूर्व 9 जून 23 को अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान व नगदी चुरा ले गये थे इस बार फिर इन्वर्टर, बैटरा, एलसीडी व 41 बोरी सीमेंट लाद ले गये भीड़ भाड़ वाले बाजार मे हुई दूसरी बार चोरी की घटना से ब्यापारियों मे आक्रोश दिखाई दे रहा है।पीड़ित दुकानदार ने पूर्व मे हुई दुकान मे चोरी की घटना की तहरीर कुंडा कोतवाली पुलिस को दिया था जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट तक नही दर्ज किया।

# बेल्हा के प्रो दिनेश विश्वकर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय फलक पर बनाई पहचान

## विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में तीसरी बार जगह बनाकर किया जिले का नाम रोशन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में तीसरी बार जगह बनाकर अंतर्राष्ट्रीय फलक पर प्रो0 दिनेश विश्वकर्मा ने अपनी पहचान बनाई है। अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की टीम ने उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दो फीसदी वैज्ञानिकों में शामिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से जहां जिले का नाम रोशन हुआ है। वहीं स्वजनों व रिश्तेदारों में खुशी की लहर है।

स्टैनफोर्ड विश्विद्यालय अमेरिका की हालिया रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों में बेल्हा के प्रोफेसर दिनेश विश्वकर्मा को स्थान दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ओवरऑल रिसर्च श्रेणी में उन्हें 19340वां स्थान मिला है। जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमेज प्रोसेसिंग की रिसर्च श्रेणी में उनकी 690वां स्थान है। वहीं विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान मिला है। इसके पहले प्रोफेसर दिनेश विश्वकर्मा को यह गौरव 2021 व 2022 में भी प्राप्त हो चुका है। प्रोफेसर दिनेश विश्वकर्मा प्रतापगढ़ जिले के मांधाता विकास खंड के चमरुपुर पठान गांव के रहने वाले है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा प्रतापगढ़ में की है। वर्तमान में वह दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। प्रोफेसर दिनेश को यह सम्मान मिलने के बाद जहां पत्नी सुषमा, बेटी दिया, अद्विका, भाई डीएवी कालेज के प्रधानाचार्य अवधेश विश्वकर्मा, भाभी शिक्षिका शिव कुमारी, सत्यभामा, शिक्षिका पार्वती विश्वकर्मा, भतीजे अनूप, शिक्षक जीतेंद्र विश्वकर्मा, धीरेंद्र, भतीजी शालिनी, अंतिमा आदि स्वजन बेहद खुश हैं।



अपनी पत्नी व बच्चो के संग प्रो दिनेश विश्वकर्मा।

# संदिग्ध दशा में युवती की हुई मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली अन्तर्गत मदनगढ़ बेलहा में रविवार की सुबह कमरे में संदिग्ध दशा में युवती की मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना बिना परिजनों ने युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी जीतलाल कोरी की उन्नीस वर्षीय पुत्री शान्ति की रविवार की सुबह करीब सात बजे संदिग्ध दशा में मौत हो गयी। परिवार के लोगों के अनुसार शान्ति सुबह नहाने के लिए कमरे में रखा अपना कपड़ा लेने गयी थी। कुछ देर बाद घर के लोगों ने उसे कमरे में फर्श पर बेसुध पड़े देखा तो चीख पुकार मच गयी। आनन फानन में लोग युवती को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन इसी बीच उसकी सांस थम गयी। मौत की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका शांति स्थानीय अल्का प्रमोद तिवारी स्कूल में कक्षा बारह की छात्रा थी। वह एक भाई व तीन बहनें में तीसरे नम्बर की थी। परिजनों ने युवती के शव का श्रृंगवेरपुर में अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाल अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# महानाट्य जाणता राजा के लिये सेवा भारती ने बनाई रणनीति

## 24 नवम्बर को प्रतापगढ़ के लोग जाएंगे महानाट्स देखने

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती, काशी प्रांत द्वारा 21 से 26 नवंबर तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान में विश्व प्रसिद्ध महानाट्य जाणता राजा का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने प्रतापगढ़ के कार्यकताओं के मध्य जाणता राजा के आयोजन के संदर्भ में विस्तृत योजना पर विचार किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने स्वाभिमान, राष्ट्र के गौरव के लिए संघर्ष करते हुए हिंदू स्वराज की स्थापना की। छत्रपति शिवाजी महाराज को माता जीजाबाई और समर्थ गुरु रामदास से भारत माता की सेवा करने की प्रेरणा प्राप्त हुई। उन्होंने बताया की नाट्य मंचन की एक सप्ताह की अवधि में 24 नवंबर को प्रतापगढ़ जिले के निवासी भव्य नाट्य मंचन देखने के लिए जाएंगे। इसके पश्चात द्वितीय सत्र की बैठक में विभाग प्रचारक प्रवेश ने समस्त योजनाओं को व्यवस्थित रूप में मूर्त रूप देने के लिए समीक्षा करने के साथ-साथ एक-एक बिंदु को रेखांकित करते हुए विस्तृत योजना बनाई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख डॉ सौरभ पांडेय ने किया। इस अवसर पर जिला संघचालक चिंतामणि द्विवेदी, विभाग प्रचारक प्रवेश, सांसद प्रतापगढ़ संगम लाल गुप्ता, पूर्व विधायक धीरज ओझा, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, डॉ रंगनाथ शुक्ल, शिवशंकर सिंह, कृष्णकांत मिश्र, नितेश खंडेलवाल, भूपेश त्रिपाठी, सुनील दुबे, रतन चंद जैन, संजीव आहूजा, डॉ राकेश सिंह, रुचि केसरवानी, अनामिका उपाध्याय, डॉक्टर शिवानी मातनहेलिया, प्रमिला शुक्ला, कुसुम गुप्ता, शिशिर खरे, बद्री प्रसाद गुप्ता, रजत सक्सेना, अनुराग मिश्रा, तुषारदत्त सुरेंद्र प्रसाद पांडे, राजेश मिश्रा, शरद केसरवानी, आशीष जायसवाल, डॉ विवेक त्रिपाठी, अच्युतानंद पांडेय आदि उपस्थित रहे।



बैठक में बोलते काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश।

## जिला व्यापार मण्डल इकाई सगरा सुंदरपुर के अशोक जायसवाल बने अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि जिला व्यापार मण्डल की इकाई सगरा सुंदरपुर बाजार व्यापार मण्डल का पुनर्गठन किया गया है जिसमें अशोक जायसवाल अध्यक्ष बनाए गए। इसके अलावा संरक्षक पद पर राम अंजोर जायसवाल, कृपाशंकर जायसवाल, अब्दुल राशिद, कप्तान शुक्ल, उपाध्यक्ष पद पर संतोष जायसवाल, यहिया खान, मनोज शुक्ल, रवि जायसवाल, महामंत्री पद पर प्रदीप जायसवाल, मंत्री पद पर अजय सिंह, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, कौशलेन्द्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष पद पर सर्वेश कुमार जायसवाल, मीडिया प्रभारी पद पर संजय शुक्ल, संगठन मंत्री पद पर गोविन्द मोदनवाल, संजय जायसवाल, समीर चंद्र सोनी, राजेश वर्मा, अनिल सोनी, प्रचार मंत्री पद पर प्रमोद जायसवाल, अरुण तिवारी मिंकू, संजय मोदनवाल, भूपेन्द्रमणि पटेल चुने गये। जिलाध्यक्ष ने सभी सम्मानित पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि समस्याओं का निराकरण कराने में जिला संगठन हमेशा आप लोगों के साथ रहेगा।

## युवाओं को ऊजार्वान बनाने के लिए इतिहास में वीरों की शौर्य गाथा का पाठ्यक्रम जरूरी: शांतनु महाराज

### जेल रोड अचलपुर में रामायण शौर्य गाथा का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मां गायत्री सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में शनिवार को भगवती पैलेस रेल रोड अचलपुर में रामायण शौर्य गाथा का आयोजन चार बजे किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य आचार्य शांतनु महाराज जी ने एक दिवसीय गाथा के विषय पर चर्चा की। महाराज जी ने कहा की आज हिंदू धर्म के युवाओं की ऊजार्वान व प्रेरक प्रसंगों पर उद्बोधन किया। और आगे कहा कि आज युवाओं को शौर्य इतिहास के रूप में वीरों की वीर गाथा के इतिहास के बारे में पढ़ना चाहिए। और गीता का पाठ्यक्रम रखना चाहिए। जिससे युवक ऊजार्वान बन सके। जैसे हनुमान जी ने अपनी शक्ति को भूल गये थे जामवंत के द्वारा उनकी शक्ति को याद दिलाने पर वह 100 योजन समुद्र को लांघ गए थे। इस प्रकार युवाओं को उनकी शक्ति के बारे में बताना आवश्यक है ।तभी एक सुसंगठित, सुव्यवस्थित राष्ट्र का निर्माण होगा। और आगे महाराज जी ने महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, भामाशाह सहित के वीर गाथा के बारे में विस्तृत चर्चा किए।इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रांत प्रचारक काशी रमेश जी, विभाग प्रचारक प्रवेश जी, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, अंशुमान सिंह, नितेश श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी ,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा जवाहर श्रीवास्तव, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।




रामायण शौर्य गाथा कहते शांतनु महराज।

# सोनेलाल पटेल का जन्मदिन मनाने का टिप्स दे गये राष्ट्रीय अध्यक्ष

## 17 अक्टूबर को कार्यकताओं को जन्मदिन मनाने का निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपना दल एस के कार्यकारी राष्टीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल रविवार को दोपहर बारह बजे जिला पंचायत सभागार में अपना दल एस कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें आगामी 17 अक्टूबर को प्रतापगढ़ में डॉक्टर सोनेलाल पटेल के परि निर्वाण दिवस को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को निर्देशित किया और कार्यकताओं की समस्याओं से रूबरू हुए।

बैठक में राजेंद्र पाल राष्टीय सलाहकर, के के पटेल राष्ट्रीय सचिव ,राजकुमार पाल प्रदेश अध्यक्ष, जीत लाल पटेल विधायक विश्वनाथ गंज, नागेंद्र सिंह पटेल, कुशाग्र श्रीवास्तव प्रज्ञा सिंह, परमानंद मिस्त्र, मुस्ताक अहमद, कमलेश विश्वकर्मा, माता लक्ख़ू चैधारी जितेंद्र पटेल, कुलदीप पटेल की गरिमय उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्य वाहक जिलाध्यक्ष बृजेश पटेल जी ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मिथलेश सिंह पटेल,संगीत पटेल जिला अध्यक्ष महिला मंच अनार कली चौधरी,डा० हरिशंकर पुष्पाकर, राबिन पटेल विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ गंज, विजय सिंह,राम आसरे पटेल, बृजेश पटेल, संजय राज पटेल,श्रवण पटेल,जंग बहादुर, कमलेश, दिलीप सिंह, लालमणि, विमल पटेल, राजेंद्र पाल पूर्व प्रधान, राम सिंह, उदय राज पटेल वी० एल० पासी, राम चन्द्र, अतुल प्रजापति, राम प्यारे गौड़, प्रमोद पटेल, राम निहौर महेश पटेल, हजारी पटेल, रमेश पटेल, अनार कली चैधरी, नेहा गुप्ता, डा० तुलसी राम पटेल, जीत लाल पटेल, श्रवण शुक्ला लल्लू लाल वर्मा, राम मिलन, चंद्रभान पटेल,लाल बहादुर पटेल, मो० हकीम, जय कौशल, विनय पटेल, गिरिश मिश्रा, राम चन्द्र पटेल, पवन पटवा ओम प्रकाश पटेल, राजेश पटेल, विपिन बर्मा, अशीष पटेल आदि मौजूद रहे।



जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल।

# बारूद के ढेर पर रानीगंज कैथौला बाजार

## रिहायशी क्षेत्र में किया जा रहा है पटाखों का निर्माण व भंडार

### सप्ताह भर पूर्व बरामद किया गया था बासठ किलो विस्फोटक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय क्षेत्र स्थित जिले की बड़ी गल्ला मंडी में शुमार रानीगंज कैथौला बाजार इस समय बारूद के ढेर पर खड़ी हुई दिखाई दे रही है। जब कि सप्ताह भर पूर्व पुलिस ने रिहायशी बाजार से बासठ किलो बारूद से बने पटाखों को बरामद कर तीन के विरुद्ध कार्रवाई की थी। उसके बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं है।

बता दें कि रानीगंज कैथौला बाजार जिले की बड़ी गल्ला मंडी में शुमार है। दीपावली के पर्व को देखते हुए अभी से ही पटाखों के व्यवसाईयों ने पटाखों का भंडार करना शुरू कर दिया है। यहां के हवाईदारो के अलांवा अन्य लोग भी पटाखों के व्यवसाय में लिप्त है। सघन बस्ती होने की वजह से घरों में विस्फोटकों का भंडारण करना किसी खतरे से कम नहीं है। जब कि पुलिस ने 3 अक्टूबर को बासठ किलो विस्फोटक से बने पटाखों को बाजार से बरामद करते हुए तीन के विरुद्ध कार्रवाई की थी।सूत्रों की माने तो रानीगंज कैथौला बाजार व अर्जुनपुर में कुछ हवाईदारों के पास पटाखे बनाने का लाइसेंस तो है, लेकिन वह भी लाइसेंस कही और का है, लेकिन नियमो को दरकिनार कर रिहायशी इलाकों में पटाखों को बनाते है और वहीं घर पर ही उसका भंडार भी करते है। इस लापरवाही के चलते क्षेत्र में खतरे का अंदेशा हमेशा बना रहता है। बाजार के प्रमोद सिंह,मोनू सिंह, बाबऊ, चंद्रभान, धर्मेंद्र समेत कई लोगो का कहना है कि विस्फोटक पटाखों का निर्माण व भंडार सुरक्षा की दृष्टिकोण से रिहायशी इलाकों में नही होना चाहिए।

### एक दशक पहले हो चुका है हादसा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला बाजार में लगभग एक दशक पहले एक बड़ी घटना हो चुकी है। उसके बावजूद यहां के लोग लापरवाही कर रहे हैं। मंडी स्थित अवैध रूप से बने ज्वलनशील की गोदाम में भीषण आग लग गई थी। बाजार के लोग पूरे परिवार के साथ जान बचाकर घर छोड़ कर दूर चले गए थे। सांगीपुर व लालगंज फायर ब्रिगेड ने कई घंटों मेहनत की तो किसी तरह घटना पर काबू पाया था।

## वरिष्ठ कोषाधिकारी को दी गई विदाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ कोषाधिकारी दीपक बाबू के कोषागार प्रतापगढ़ से लखनऊ स्थानांतरण होने और कार्यमुक्त होने के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें पुष्प गुच्छ तथा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी शिक्षक एवं पेशनर्स के जिलाध्यक्ष मनोकानिका उपाध्याय, इंद्रमणि मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष समेत कई पेंशनर मौजूद रहे।

## समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रतापगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को सम्पन्न होगी। समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अनुरोध किया है कि समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर 12 बजे तक पहुंचे।

# तालाब में डूबकर युवक की मौत

## पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद मिला शव



अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की शाम को भरवारी बाजार से घर वापस जा रहे एक व्यक्ति का शव रविवार की सुबह तालाब में मिला है तालाब में डूबकर युवक की मौत हो गई युवक का शव मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है परिजनों समेत ग्रामीणों की मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई है मामले की सूचना कोखराज पुलिस को दी गई है मौके पर पहुँची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के जमाल मऊ गांव निवासी संतलाल पटेल उम्र 32 वर्ष पुत्र गरीबदास पटेल शनिवार की रात्रि 9 बजे भरवारी बाजार से घर वापस जा रहे थे लेकिन देर रात को वह घर वापस नहीं लौटे जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए और रात में संतलाल की खोज शुरू की परिवार के लोगों को जानकारी मिली कि होलाई तालाब पटेल मोहल्ला की तरफ संतलाल देखे गए हैं परिवार के लोगों ने उधर भी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी रात में संतलाल का कहीं पता न चलने के बाद परिवार के लोगों ने मामले की सूचना कोखराज पुलिस को दिया सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई देर रात तक पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम परेशान रही लेकिन शव नही मिल सका रविवार की सुबह तालाब से युवक का शव बरामद हुआ तो परिजनो में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दुर्घटना में घायल मजदूर की इलाज के दौरान हुई मौत

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के निधियावां का मंजेश उम्र 40 वर्ष पुत्र छंगू प्रयागराज में रेलवे कर्मचारी है। शनिवार की सुबह वह अपनी बाइक से प्रयागराज ड्यूटी पर जा रहा था उसी के साथ गांव का शोभई उम्र 50 वर्ष पुत्र खोदनू जो मजदूरी करता था वह भी बाइक में बैठकर साथ जा रहा था जैसे ही बाइक सवार मूरतगंज के मेला बाग के पहुँचे हाईवे पर अचानक आवारा पशु के आ जाने से बाइक सवार पशु से भिड़ गई जिससे बाइक पर सवार दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। दोनों घायलों को कसिया स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान शोभई की मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सरकारी केदो में ज्वार और बाजरा की खरीद शुरू

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार जनपद में दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 से मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत ज्वार व बाजरा की खरीद प्रारम्भ हो गयी है,जो 31 दिसम्बर 2023 तक चलेगी। ज्वार (हाइब्रिड) का समर्थन मूल्य 3180 रुपए प्रति कुंतल तथा ज्वार मालदाण्डी का समर्थन मूल्य 3225 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित है। इसी तरह बाजरा का समर्थन मूल्य 2500 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। ज्वार के दो क्रय केन्द्र,ओसा मण्डी में तथा दो क्रय केन्द्र अझुवा मण्डी में खोले गये हैं। बाजरा की खरीद के लिए कुल 09 क्रय केन्द्र ओसा मण्डी, अझुवा मण्डी, भरवारी मण्डी, सरसवां, कुम्हियाँवा, कौशाम्बी तथा मनौरी में खोले गये हैं। ज्वार व बाजरा के विक्रय हेतु कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा । कृषकों का पंजीकरण उनके आधार संख्या तथा पंजीकरण के समय कृषक द्वारा दर्ज मोबाइल नम्बर पर प्रेषित ओ०टी०पी० के आधार पर किया जायेगा। पंजीकरण के समय आधार कार्ड में दिये गये मोबाइल नम्बर तथा बैंक खाते में दिया गया मोबाइल नम्बर एक होना चाहिए। कृषकों को भुगतान शत-प्रतिशत आधार बेस्ड व आधार लिंक बैंक खाते में पी०एफ०एम०एस० के माध्यम से किया जाना है जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने अपील की है कि आधार व बैंक खाता व मोबाइल नम्बर व कृषक का नाम, उपनाम दोनों की स्पेलिंग व मात्राओं में कोई भिन्नता न हो उन्होंने किसानों से कहा कि अपने ज्वार व बाजरा की उपज सरकारी क्रय केन्द्रों पर ही बेंचें और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठायें। किसी भी तरह की समस्या होने पर वह अपने विकास खण्ड के विपणन निरीक्षक तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और जिला खाद्य विपणन अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे ने दी।

## न्यूज झरोखा

### भवन्स मेहता विद्याश्रम में भारतीय वायु सेना दिवस समारोह 2023 का आयोजन



**भरवारी कौशाम्बी।** भारतीय वायु सेना की आधिकारिक तौर पर स्थापना 8 अक्टूबर 1932 को हुई थी और यही कारण है कि इस दिन को हर साल भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है।भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में छात्रों के अनेक समूहों के द्वारा परेड और गतिविधि के माध्यम से वायुसेना दिवस मनाया गया एवं अनेक छात्रों ने चार्ट मॉडल के द्वारा वायु सेना के महत्व को दशार्या।निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी भारतीयों को वायुसेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए वायु सेना एवम भारतीय सैनिकों की बहादुरी और उनके शौर्य के महत्व पर विस्तार से बताया।विज्ञान शिक्षक ने प्रयागराज स्थित परेड ग्राउंड में होने वाले भव्य एयर शो को देखने के लिए सभी छात्रों को प्रेरित किया।

### आगे खड़ी डंपर से भिड़ा ट्रक, चालक क्लीनर घायल



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के नजदीक नेशनल हाइवे पर आगे खडा डंपर में ट्रक भिड़ने से ट्रक में सवार चालक व क्लीनर घायल हो गए है हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने गंभीर हालत देखते हुए प्रयागराज के एस आर एन रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी कुलदीप पुत्र कैलाशनाथ ट्रक चालक है ट्रक चालक कुलदीप गांव के ही क्लीनर कल्लू पुत्र करन के साथ कोखराज की ओर जा रहा था ट्रक चालक जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के नजदीक पहुंचा तभी अचानक आगे खडा डंपर में वह टकरा गया हादसे में ट्रक चालक व कलीनर गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रक से बाहर निकाल कर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने घायलों को प्रयागराज के एस आर एन अस्पताल रेफर कर दिया है

### एकल अभियान द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



कौशाम्बी एकल अभियान द्वारा अंचल कौशाम्बी के संच सिराथू के विद्यालय ग्राम मोहब्बतपुर अनेठा में रविवार को एकल अभियान के तहत भारत भूषण पंडित मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन उत्तर प्रदेश न्यास आरोग्य फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर मे 160 मरीजो का निःशुल्क इलाज किया गया, स्वास्थ्य शिविर का उदघाटन शक्ति केंद्र संयोजक भाजपा शिवम मिश्रा ने किया स्वास्थ्य शिविर में भोला डॉ.अंकिता सिंह कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, डॉ. राजू कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर, श्री मती अन्नू देवी एएनएम अंचल प्रशिक्षण प्रमुख राजेश प्रसाद, संच प्रमुख सिराथू बीरेन्द्र सिंह संच प्रमुख कड़ा रमेश चन्द्र शर्मा आचार्य रंजना देवी एवं ग्राम के ग्राम प्रमुख वा समिति के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### तमंचा गांजा और लोडर वाहन के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सैयदसरावा तेरह मील मोड़ के पास रविवार की भोर में संदीपन घाट थाना पुलिस ने लोडर वाहन में बैठे दो शातिर गाँजा तस्करों को एक तमंचा कारतूस और गाँजा के साथ गिरफ्तार किया है पुलिस ने लोडर वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है पकड़े गए आरोपियों की पहचान याकूब अली और मोहम्मद अजहर के रूप में हुई है बताया जाता है कि पकड़े गए अभियुक्त पेशेवर गांजा तस्कर हैं पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दोनों गांजा तस्करों को अदालत में पेश कर दिया है।

### लाखों खर्च के बाद अंधेरे में तब्दील हुआ टेढ़ी मोड़ ओवर ब्रिज व चौराहा



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ हाइवे पर बने ओवरब्रिज के ऊपर से लगाए गए खंभों के माध्यम से हाईवे और बस्ती के दोनों के किनारों पर जगमग रोशनी के लिए लाखो की रकम खर्च कर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी लेकिन एनएचएआई विभाग द्वारा लगाए गयी लाइट अभी माह भर भी नही बीते है कि पूरे जगह में सिर्फ हाइवे के ओवरब्रिज के ऊपर ही कुछ लाइट जल रही है। बस्ती के दोनों तरफ लाइट खराब हो गयी है जो अब नहीं जल रही हैं। इस कारण पूरी बस्ती अंधेरे में डूबी रहती है। जिससे चोरों का भय बना रहता है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से कहा लेकिन कोई ध्यान नही दिया गया है। ग्रामीणों की सुरक्षा और चोरी जैसी वारदात से बचने के लिए स्ट्रीट लाइटों का जलना आवश्यक है जिससे बस्ती के अंदर रोशनी की जगमगाहट हो सके और लोग सुरक्षित महसूस कर सके। घटिया लाइट लगाए जाने के मामले की जांच करते हुए दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की गई है।

# राष्ट्रवादी, ताकतवर और आत्मनिर्भर भारत निर्माण भाजपा का लक्ष्य : धर्मराज मौर्य

## सरसवा ब्लाक पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत, कार्यकताओं का सम्मान और मजबूत संगठन को लेकर पार्टी के लोगों को किया आश्वस्त



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी का प्रादुर्भाव हुआ था हमारे संगठन की नींव रखने नेताओं ने सपना देखा था जो हमारा देश भारत राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत रहते हुए आत्मनिर्भर हुआ मजबूत रहे। भाजपा के निर्माण के समय ही यह लक्ष्य रखा गया था कि जब कभी भाजपा की सरकार आएगी तो वह देश के विभिन्न आयामों पर काम कर देश का सर्वांगीण विकास करेगी। साथ ही पड़ोस में दुश्मन देशों के खिलाफ प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाएगी जिससे यह दुश्मन देश कभी भी भारत की ओर आँख उठाकर भी ना देखें आज जब देश में भारतीय जनता पार्टी नीति सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में काम कर रहे हैं तब पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है तेजी से हो रहे विकास की ओर पूरी दुनिया देख रही है और आज भारत को विश्व का ग्रोथ इंजन कहा जा रहा है। यही नहीं आज हमारे दुश्मन देश वह चाहे पाकिस्तान हो या चीन उसकी हिम्मत नहीं है कि वह भारत की धरती की ओर बुरी नजर डाल सके '। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सरसवां विकासखंड में पहुंचने पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस मौके पर कार्यकताओं से सीधे बात करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर भरोसा जताया है वह संगठन को जिले पर मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वह संगठन का काम करें कार्यकताओं के सम्मान में कभी भी आच नहीं आने पाएगी यह उनका वादा है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री के रूप में हमें नरेंद्र भाई मोदी मिले हैं जिनके कार्यकाल में भारत पूरे विश्व में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है आज भारत की आवाज को विश्व का कोई भी देश हम देख नहीं कर सकता है इसी का उदाहरण है कि आज कनाडा और चीन जैसे देश भारत के तेवर के आगे झुकते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ उन्होंने बताया कि आज भारत में देश के सेवा के लिए प्रयोग में आने वाले रक्षा उपकरणों का निर्माण भारत में हो रहा है और यह आत्मनिर्भरता की ओर उठाया गया एक बड़ा कदम था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भारत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर है। लेकिन विपक्षी दल झूठा प्रचार कर देश की सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। ऐसे में हम सभी कार्यकताओं का यह दायित्व बनता है कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कामों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भोले शंकर कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अकबर सिंह, अजय पांडे, आशीष बच्चा, कल्लू करवरिया, दिनेश पांडे, तिलक नारायण द्विवेदी, राजीव तिवारी, शंकर दयाल सिंह, सुभाष सिंह, हरीश तिवारी, सुभाष सिंह पटेल, मनोज सिंह, घनश्याम वर्मा, सोनी जी, सत्यनारायण तिवारी, विनोद सरोज, अमर सिंह, प्रमोद भार्गव, हंसराज व शतरूपा पांडे मौजूद रहे।

# साइबर लुटेरों ने पीड़ित के खाते से उड़ा लिया सांठ हजार रुपए

## साइबर ठगी के शिकार पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर त्वरित कार्यवाही और पैसा वापस कराने को मांग की है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति के खाते से साइबर लुटेरों ने सांठ हजार रुपए उड़ा लिए हैं पीड़ित को जब मैसेज के द्वारा ज्ञात हुआ तो उसने अपनी लिखित तहरीर पुलिस अधीक्षक को देकर त्वरित कार्यवाही एवं पैसा वापस कराने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित सुघर सिंह निवासी ग्राम उरई अशरफपुर थाना कौशाम्बी ने तहरीर में बताया कि उसके पास दिनांक 6 अक्टूबर को शाम 6:10 पर एक अज्ञात नंबर 9609892605 से फोन आया और पीड़ित को झांसे में लिया और गुमराह करके कहा कि आपका एक कोरियर आया है अपना कोरियर प्राप्त करने के लिए कन्फर्मेशन दीजिए पीड़ित ने कुछ जानकारी देकर फोन काट दिया कि तभी उसके मोबाइल में एक मैसेज आया और मैसेज में सांठ हजार रुपए अपने खाते से कटा हुआ देखते ही उसके होश उड़ गए। उसने काफी पता लगाने की कोशिश किया लेकिन उसके पैसों का पता नहीं चला जिससे थक हारकर उसने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर साइबर चोर के खिलाफ त्वरित विधिक कार्यवाही करते हुए पैसा वापस कराए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेकर छान बीन शुरू करा दिया हैं। अब देखना यह है कि क्या ऐसे साइबर चोरों को पुलिस अपने गिरफ्त में लेकर उन पर विधिक कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाते से उड़ाए गए पैसे को वापस दिलाती है या फिर इन साइबर चोरों का शिकार और लोग बनेंगे यह देखना चाहती है यह पुलिस प्रशासन पर बहुत बड़ा सवाल है।

# हत्या के 03 अभियुक्तों को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

## एसपी के निर्देशन में जनपद में चलाया जा रहा है अपराध और अपराधियो के विरुद्ध आभियान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मोहनलाल की 20 सितंबर को हत्या के मामले में सरायअकिल पुलिस ने हत्या के 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।गौरतलब है कि 20 सितम्बर को मोहन लाल का शव टप्पा गांव के पास नहर पटरी से बरामद हुआ था जिसके सम्बन्ध में मोहन लाल के पिता वादी द्वारा अपनी बहु व उसके प्रेमी के विरूद्ध थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 379/23 धारा 302/201/120बी/34 भा0द0वि0 व 4/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत कराया गया था । युवक की हत्या के खुलासे में लगीं सराय अकिल पुलिस ने 8 अक्टूबर को प्रकाश में आये 03 वांछित अभियुक्तों हबीबुर्रहमान उर्फ नन्हे मिया पुत्र जब्बाद हुसैन निवासी खरका फकीराबाद इस्लाम पुत्र वफाती निवासी पठन का पुरवा दिनेश उर्फ गब्बर पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी ग्राम रसूलपुर टप्पा थाना सराय अकिल को रसूलपुर टप्पा ईदगांह के पास से गिरफ्तार किया है अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाड़ी व एक अदद चाकू तथा मृतक का एक जोड़ी चप्पल बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

# भैसा पड़वा 3 चोर गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का किया प्रयास

**करारी कौशाम्बी** करारी थाना पुलिस 08 अक्टूबर की रात्रि गस्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग की दौरान कर रही थी सूचना पर सालेपुर चौराहे के पास एक पिकअप वाहन को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो अभियुक्तों द्वारा खुद को घिरा हुआ देखकर पुलिस पार्टी पर गाड़ी चढाने का प्रयास किया गया पुलिस द्वारा बचाव करते हुए पिकअप को रोक कर 03 अभियुक्तों चांद पुत्र हामिद हुसैन ,नौसाद पुत्र स्व0 हामिद हुसैन निवासीगण नेतानगर थाना करारी, बदाम उर्फ लोहल्ली पुत्र करिन्दा निवासी सालेपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया है।

पिकअप की तलासी ली गयी तो उसमें से 04 राशि भैसा पडवा को क्रूरता पूर्वक भरा गया था, जिसमें से 02 मृत पाये गये गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना करारी में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व 307 भादवि पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# बसुहार गांव में विशाल मेला व दंगल का हुआ आयोजन

## महिला पहलवानो सहित लगभग तीन दर्जन पहलवानो ने अखाड़ा मैदान में आजमाया जोर



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चायल तहसील के बसुहार ग्राम सभा मे दंगल के साथ विशाल मेले का आयोजन दो दिन किया गया मेले के पहले दिन रविवार को आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों महिला पुरुषों का जमावड़ा मेले में दिखा है मेले में महिलाओं के लिए मीना बाजार सहित खाने पीने की वस्तुएं चाट समोसा जलेबी अन्य प्रकार के फास्ट फूड का लोगों ने जमकर आनंद लिया है। दो दिवसीय मेले के पहले दिन रविवार को मेले में लगाए गए दंगल में क्षेत्र सहित कई अन्य जनपद के पहलवानों ने अखाड़ा मैदान में कुश्ती का प्रदर्शन किया है रोचक कुश्ती देखने के लिए हजारों ग्रामीण घंटों मेला परिसर में मौजूद रहे तालियों की गड़गड़ाहट से मेला मैदान गूँजता रहा वही पर मेला दंगल के आयोजक ग्राम वासी सहित ग्राम प्रधान तीरथ सिंह तथा कमेटी ने जीते हुए पहलवानों को नगद पुरस्कार देकर उनका हौसला अफजाई किया है। दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन सोमवार को मेले के साथ विशाल दंगल का आयोजन अखाड़ा मैदान में होगा दो दिवसीय दंगल मेला के दूसरे दिन दंगल मैदान में जिले के साथ-साथ गैर जिले के भी तमाम नामी पहलवान शामिल होंगे रोचक कुश्ती देखने के लिए अखाड़ा मैदान में हजारो लोगों का जमावड़ा लगेगा दंगल मे चैम्पियन कुश्ती के पहलवानो को मेला दंगल कमेटी द्वारा पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया जाएगा।

# सरकारी संपत्तियों के कब्जा रोकने में बिफल लेखपालों को हो जेल




## कुछ वर्षों की नौकरी में दर्जनों लेखपाल करोड़ों में खेलने लगे हैं तहसील के अफसरो के अकूत संपत्ति की बात ही निराली है

## लेखपालों के कारनामे के चलते तमाम गांव में हुए जमीन विवाद के चलते हत्याएं हो चुकी है लेकिन लेखपालों की नहीं हुई गिरफ्तारी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के लगभग हर गांव में करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जे हो चुके हैं तहसील प्रशासन से लेकर लेखपाल तमाशबीन बने हैं कुछ वर्षों की नौकरी में दर्जनों लेखपाल करोड़ों में खेलने लगे हैं तहसील के अफसरो के अकूत संपत्ति की बात ही निराली है हालांकि लेखपालों के इसी कारनामे के चलते तमाम गांव में हुए जमीन विवाद के चलते हत्याएं हो चुकी है आए दिन राजस्व विभाग के चलते लोगों में झगड़ा फसाद खून खराब होता है लेकिन राजस्व विभाग का बाल बांका नहीं हो पता है सरकारी जमीनों में कब्जे के मामले को योगी सरकार को गंभीरता से लेना होगा और जिन गांवों में सरकारी जमीनों में कब्जे हुए है उन गांव के लेखपाल को बर्खास्त कर गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश पारित करना होगा तभी सरकारी जमीन सुरक्षित होगी सिराथू तहसील क्षेत्र के मलाक पिंजरी गांव की खलिहान की भूमि पर लेखपाल की संलिप्तता से कब्जे हो गए है मामले की बार-बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत की लेकिन सरकारी भूमि खलिहान से कब्जा नहीं हट सका वीडियो में खुलेआम लेनदेन की बात हो रही है दबंगों ने खलिहान की जमीन में मिट्टी डालकर कब्जा किया है जामुन नीम के पेड़ लगे हुए है सरकारी जमीन खलिहान पर कब्जा के मामले में लेखपाल इस तरह से वसूली में संलिप्त है कि लेखपाल अब मौके की परिस्थिति सच्चाई साक्ष्य को नजरअंदाज कर हवा मे बात कर रहे हैं और अधिकारी लेखपाल को भगवान मानते हैं लेखपाल के इस करनामें से जहां सरकारी जमीन सुरक्षित नहीं रह गई है वही न्याय का गला घोटा जा रहा है तनाव की स्थिति बनी हुई है लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकारी संपत्ति से कब्जा धारकों को बेदखल करने कब्जा करने वालो पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और सरकारी संपत्ति कब्जा करने वालों की गिरफ्तारी कर जेल भेजने की मांग की है ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि गांव की सरकारी संपत्तियों पर किए गए कब्जे के मामले में वसूली में लिप्त लेखपाल के कारनामे की जांच करा कर बर्खास्त कर जेल भेजा जाए।

### खलिहान की जमीन में हो रहा अवैध कब्जा लेखपाल कानूनगो बने उदासीन



**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंदावा की खलिहान की दो बीघा से अधिक सरकारी जमीन पर बेखौफ तरीके से दबंग के कब्जे हो रहे हैं सरकारी जमीन का का नंबर 813 /1240 बताया जाता है जिसकी पैमाइश भी हो चुकी है सरकारी जमीन के कब्जे के मामले में क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो की भूमिका सवालों के घेरे में है कब्जा धारकों से अवैध वसूली कर सरकारी संपत्ति कब्जा कराए जाने का आरोप लेखपाल कानूनगो पर है कई दिन बीत जाने के बाद भी सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं रुक सका है दोषी लेखपाल और कानून गो पर अभी तक अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की है जिससे सरकारी संपत्ति भी सुरक्षित नहीं दिखाई पड़ रही है आखिर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों पर अभी तक कार्यवाही कर सरकारी जमीन बचाने का प्रयास राजस्व लेखपाल ने क्यों नहीं किया है उसकी निष्ठा पर यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है इलाके के लोगों ने डीएम कमिश्नर का ध्यान आकर्षित करते हुए सरकारी जमीन पर कब्जे को रोके जाने कब्जा करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी कराए जाने और सरकारी जमीन कब्जे के मामले में लापरवाही बरतने वाले लेखपाल और कानून गो का निलंबन कर इन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### घरौली बनाने के नाम पर ग्रामीणों से मोटी रकम वसूली में मशगूल राजस्व लेखपाल की जिलाधिकारी से शिकायत

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र में राजस्व लेखपालों के भ्रष्टाचार अवैध वसूली पर रोक लगती नहीं दिख रही है मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की धज्जियां राजस्व लेखपाल उड़ा रही है अवैध वसूली में लिप्त राजस्व लेखपाल के कारनामो पर उप जिला अधिकारी सिराथू भी रोक नहीं लग पा रहे हैं जिससे भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करना बेमानी साबित हो रहा है इसी तरह का एक मामला बुधवार को जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचा है सिराथू तहसील के भादवा गांव के अशोक कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका आबादी संख्या 947 में घर बना हुआ है लेकिन राजस्व लेखपाल साधना सिंह ने घरौनी बनाने के लिए उनसे 20 हजार की डिमांड किया पैसा देने में उन्होंने असमर्थता जाहिर किया जिस पर 3 महीने बीत जाने के बाद भी उनकी घरौनी नहीं बनाई गई है शिकायतकर्ता ने बताया कि पैसे की डिमांड ना पूरी होने पर लेखपाल साधना सिंह ने उनके खिलाफ धारा 67 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया जिसकी नोटिस उन्हें मिली है और आबादी में बने घर को फर्जी तरीके से बिना नाप जोख के नवीन परती 541 में दिखाते हुए राजस्व लेखपाल ने कार्यवाही कर दी है उनका कहना है कि राजस्व लेखपाल साधना सिंह पीसीएस अफसर के बराबर अपनी हैसियत समझती हैं और लगातार दबंगई से धमकी देती हैं इलाके का यह अकेला मामला नहीं है इलाके के तमाम लोग दबंग लेखपाल साधना सिंह की दबंगई से परेशान है।

## संपादक की कलम से

# वोट बटोरने का शॉर्टकट 'रेवड़ी की राजनीति'

राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली, मुफ्त सार्वजनिक परिवहन, मुफ्त पानी और लंबित बिलों और ऋणों की माफी जैसे वादों की एक श्रृंखला को अक्सर मुफ्त उपहार माना जाता है। "मुफ़्त उपहार" का वितरण भारत में चुनाव प्रचार का एक अभिन्न अंग बन गया है। मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत, केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। यह चुनाव अभियानों से अप्रभेद्य है जहां राजनेता दीर्घकालिक विकास लक्ष्य रोजगार गारंटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राज्य समर्थन, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं निर्धारित करने के बजाय मतदाताओं को लुभाने के शॉर्टकट के रूप में मुफ्त पानी, बिजली, राशन, भोजन, टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल, स्कूटर, गैस सिलेंडर और सार्वजनिक परिवहन के वादे करते हैं।

इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? सब्सिडी और मुफ़्त चीजें राजकोषीय घाटा बढ़ाती हैं और सरकारी राजस्व पर दबाव डालती हैं, जिससे घाटा और भी बढ़ जाता है। मुफ्तखोरी मतदाताओं की निर्णय लेने की शक्ति को बुरी तरह प्रभावित करती है। ऋण माफी को मुफ़्त उपहार के रूप में देने से अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि संपूर्ण ऋण संस्कृति को बर्बाद करना और मूल प्रश्न को अस्पष्ट करना कि कृषक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लगातार ऋण जाल में क्यों फंसता जा रहा है। श्रीलंका में आर्थिक उथल-पुथल मुफ्तखोरी की राजनीति के दुष्परिणामों का एक उदाहरण है।

इसमें मजबूत वित्तीय स्वास्थ्य में बाधा डालने की क्षमता है। यह राज्यों को कल्याणकारी योजनाओं से संसाधनों को राजनीति से प्रेरित एजेंडे की ओर मोड़ने के लिए मजबूर करता है। अतार्किक मुफ्तखोरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और लोकतंत्र में बाधा उत्पन्न करेगी। मुफ्तखोरी की संस्कृति स्वतः ही प्राकृतिक संसाधनों के प्रति गैर-जिम्मेदारी और संसाधनों के अति प्रयोग को बढ़ावा देगी और इससे पर्यावरण को अधिक नुकसान होगा। जैसे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी आदि। एक परिपक्व लोकतंत्र में, एक राजनीतिक दल केवल अच्छे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का ऋणी होता है, जबकि अच्छा शासन देना कठिन होता है, मुफ्त के वादों को पूरा करना सरल होता है। भारतीय मतदाता तर्कसंगत आर्थिक प्रबंधन के बजाय मुफ्तखोरी की राजनीति की ओर आकर्षित हैं, जो पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और दिल्ली में बार-बार साबित हुआ है। ?55,000 करोड़ की मुफ़्त चीजें पंजाब को दिवालियापन की ओर ले जा रही हैं, जो पहले से ही सबसे अधिक कर्जदार राज्य है, और कर्नाटक में ?62,000 करोड़ (जीएसडीपी का 3 प्रतिशत) की चुनावी गारंटी को भी इसी तरह की स्थिति मिलेगी।

"मुफ़्त उपहार" पॉलिटिक्स पर वित्त आयोग (एफसी) की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह राज्यों को संघीय संसाधनों के हस्तांतरण के लिए एकमात्र संवैधानिक निकाय है। ऐसी मुफ़्तखोरी की राजनीति से निपटने के लिए उसके पास शायद ही अधिकार, वैधता या क्षमता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त वस्तुओं का वितरण स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और चुनावी प्रक्रिया का उल्लंघन करता है।

# पूर्वजों को श्रद्धांजलि देना ही श्राद्ध है

हिन्दू धर्म में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसलिए हिंदू धर्म शास्त्रों में पितरों का उद्धार करने के लिए पुत्र की अनिवार्यता मानी गई हैं। जन्मदाता माता-पिता को मृत्यु-उपरान्त लोग विस्मृत न कर दें। इसलिए उनका श्राद्ध करने का विशेष विधान बताया गया है। श्रद्धया इदं श्राद्धम, अर्थात जो श्रद्धा से किया जाये वही श्राद्ध है। श्राद्ध प्रथा वैदिक काल के बाद शुरू हुई और इसके मूल में इसी श्लोक की भावना है। उचित समय पर शास्त्र सम्मत विधि द्वारा पितरों के लिए श्रद्धा भाव से मन्त्रों के साथ जो दान-दक्षिणा आदि दिया जाय वही श्राद्ध कहलाता है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा के दिन सूर्य के कन्या राशि में प्रवेश करने पर इस दिन इसे कनायत भी कहते हैं और इसी दिन से पितृ पक्ष शुरू होता है।



श्राद्ध हिन्दू धर्म में किया जाने वाला एक कर्म है। जो पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है।

श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं, जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है, जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है।

भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है।

श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है। यह प्रकृति का नियम है। शरीर नष्ट होता है मगर आत्मा कभी भी नष्ट नहीं होती है। वह पुनः जन्म लेती है और बार-बार जन्म लेती है। इस पुनः जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धदि कर्म का विधान निर्मित किया गया है।

पुराणों में इसके आयोजन को लेकर कई कथाएं हैं। जिसमें कर्ण के पुनर्जन्म की कथा काफी प्रचलित है। हिन्दू धर्म में सर्वमान्य श्री रामचरित में भी श्री राम के द्वारा राजा दशरथ और जटायु को गोदावरी नदी पर जलांजलि देने का उल्लेख है। भरत के द्वारा दशरथ हेतु दशगात्र विधान का उल्लेख भरत कीन्हि दशगात्र विधाना तुलसी रामायण में हुआ है । भारतीय धर्मग्रंथों के अनुसार मनुष्य पर तीन प्रकार के ऋण प्रमुख माने गए हैं- पितृ ऋण, देव ऋण तथा ऋषि ऋण। इनमें पितृ ऋण सर्वोपरि है। पितृ ऋण में पिता के अतिरिक्त माता तथा वे सब बुजुर्ग भी सम्मिलित हैं, जिन्होंने हमें अपना जीवन धारण करने तथा उसका विकास करने में सहयोग दिया। पितृपक्ष में हिन्दू लोग मन कर्म एवं वाणी से संयम का जीवन जीते हैं। पितरों को स्मरण करके जल चढ़ाते हैं। निर्धनों एवं ब्राह्मणों को दान देते हैं।

विष्णु पुराण के अनुसार दरिद्र व्यक्ति केवल मोटा अन्न, जंगली साग, फल और न्यूनतम दक्षिणा यदि वह भी ना हो तो सात या आठ तिल अंजलि में जल के साथ लेकर ब्राह्मण को देना चाहिए या किसी गाय को दिन भर घास खिला देनी चाहिए। अन्यथा हाथ उठाकर दिक्पालों और सूर्य से याचना करनी चाहिए कि हे प्रभु मैंने हाथ वायु में फैला दिये हैं, मेरे पितर मेरी भक्ति से संतुष्ट हों।

अपने पूर्वजों के निमित्त दी गई वस्तुएं सचमुच उन्हें प्राप्त होती हैं या नहीं, इस विषय में कुछ लोगों को संदेह है। हमारे पूर्वज अपने कमार्नुसार किस योनि में उत्पन्न हुए हैं। जब हमें इतना ही नहीं मालूम तो फिर उनके लिए दिए गए पदार्थ उन तक कैसे पहुंच सकते हैं? क्या एक ब्राह्मण को भोजन कराने से हमारे पूर्वजों का पेट भर सकता है? न जाने इस तरह के कितने ही सवाल लोगों के मन में उठते होंगे। वैसे इन प्रश्नों का सीधे-सीधे उत्तर देना सम्भव भी नहीं है। क्योंकि वैज्ञानिक मापदण्डों को इस सृष्टि की प्रत्येक विषयवस्तु पर लागू नहीं किया जा सकता। दुनिया में ऐसी कई बातें हैं। जिनका कोई प्रमाण न मिलते हुए भी उन पर विश्वास करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि देश में श्राद्ध के लिए हरिद्वार, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, कुरुक्षेत्र, चित्रकूट, पुष्कर, बद्रीनाथ सहित कई स्थानों को महत्वपूर्ण माना गया है। लेकिन गया का स्थान उसमें सर्वोपरि कहा गया है। गया में फल्गु नदी के किनारे श्राद्ध कर्म करना सबसे ज्यादा पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है। जो व्यक्ति गया में श्राद्ध करने जाता है उसको पूरे पितृ पक्ष वहीं रह कर श्राद्ध क्रिया पूरी करनी पड़ती है। गया में पिंडदान करने से सात पीढियों का उद्धार हो जाता है। गया जी को विश्व में पितरों की मुक्ति के लिए सर्वश्रेष्ठ तीर्थस्थल माना गया है। गया जी में पूरे साल पिंडदान किया जाता है।

शास्त्रों में पितरों के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान करने का अलग महत्व बताया गया है। मान्यता है कि गया जी में श्राद्ध कर्मकांड सृष्टि के रचना काल से शुरू है। वायुपुराण, अग्निपुराण तथा रूढ पुराण में गया तीर्थ का वर्णन है। भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी पर आकर फल्गु नदी में प्रेतशिला पर पिंडदान किया था। त्रेता युग में भी भगवान श्रीराम भी अपने पिता राजा दशरथ के मरणोपरांत फल्गु नदी के तट पर श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान, कर्मकांड को कर पितृऋण से मुक्त हुए थे।

**लेखकः-**
**रमेश सर्राफ धमोरा**

# कांग्रेस और केजरीवाल की तकरार से टूट जाएगा इंडिया गठबंधन

आम आदमी पार्टी के तीनों वरिष्ठ नेता जेल में हैं। सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया हुआ है। चार अक्टूबर को करीब दस घंटे की लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार किया था । इससे पहले 'अमर्यादित व्यवहार' के आरोप में उनके साथ-साथ राघव चड्ढा को भी राज्यसभा से निलंबित किया गया था। शराब घोटाले में गिरफ्तार संजय सिंह के तीन करीबी लोगों से पूछताछ शुरू हो गई है। सर्वेश मिश्रा सेईडीपूछताछ कर रही है ईडीका दावा है कि संजय सिंह सर्वेश मिश्रा, विवेक त्यागी और कंवरवीर सिंह के जरिए ही अपने काम करवाते थे। शराब घोटाले में सरकारी गवाह बन चुके दिनेश अरोड़ा ने बताया था कि संजय सिंह को दो करोड़ रूपए दो किश्तों में सर्वेश मिश्रा के जरिए दिए गए थे। इसलिए ईडीने सर्वेश मिश्रा को पूछताछ के लिए बुला लिया और करीब दस घंटे तक लगातार पूछताछ चली। सर्वेश के अलावाईडीने संजय सिंह के दो और सहयोगियों विवेक त्यागी और कंवरवीर सिंह को भी पूछताछ का समन जारी कर दिया है। हालांकि संजय सिंह के सहयोगियों से पहले भी पूछताछ हो चुकी है और इसका जिक्रईडीने संजय सिंह के रिमांड पेपर्स में किया है। चूंकिईडी का दावा है कि सर्वेश के जरिए ही दो करोड़ रूपए की डिलवरी की गई, इसलिए सर्वेश से पूछताछ के बाद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। जैसे जैसे संजय सिंह पर शिकंजा कस रहा है, वैसे वैसे इसका राजनीतिक असर भी दिखने लगा है। संजय सिंह की गिरफ्तारी के मुद्दे पर इंडिया एलायन्स में फूट दिखाई दे रही है। अगला नंबर किस नेता का होगा? इसे लेकर पुख्ता तौर पर तो कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन जानकारों का मानना है कि संकट के बादल इतनी जल्दी छंटने वाले नहीं हैं।

जिन राज्यों मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जल्द विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है और यहाँ हमेशा कांग्रेस व भाजपा के बीच वन टू वन मुकाबला होता आया है पर इस बार आप पार्टी ने इन तीनों राज्यों की सभी सीटों से अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा करदी है । कांग्रेस व आप पार्टी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है सो कांग्रेस को यह बात नागवार गुजर रही है ।

वैसे आप पार्टी और कांग्रेस के बीच पंजाब व दिल्ली को लेकर पहले से विवाद शुरू है और ऐसा लगता है कि अभी यह गठबंधन टूटने की कगार पर है पर किसी प्रकार गाड़ी आगे चल निकलती है । दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और केजरीवाल की तकरार को समझने के लिए इसकी पृष्ठभूमि को समझना जरूरी है। अगर सिर्फ चुनाव नतीजों के लिहाज से देखा जाए तो दोनों राज्यों में केजरीवाल की पार्टी का वर्चस्व है। केजरीवाल ने जिस अंदाज में दिल्ली और पंजाब के विधानसभा चुनाव को जीते हैं, उसे आधार बनाया जाए तो कांग्रेस का इन दोनों राज्यों में लोकसभा की सीटों पर कोई क्लेम नहीं बनता। दिल्ली विधानसभा में तो कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। पंजाब में कांग्रेस सिर्फ 18 सीटें जीतें पाई थी, इसीलिए केजरीवाल का ये दावा सही है कि दोनों राज्यों में सिर्फ वही मोदी को टक्कर दे सकते हैं। इसीलिए विरोधी दलों के मोर्चे में शामिल होने से केजरीवाल को इन दोनों राज्यों में कोई फायदा नहीं होगा। उल्टे दो चार सीटें देनी पड़ेंगी और नुकसान होगा। दूसरे राज्यों में जहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में है, वहां वो आम आदमी पार्टी के लिए सीटों को छोड़ेगी इसकी उम्मीद कम है। लेकिन शरद पवार सबको यही समझा रहे हैं कि इस समय सीटों को लेकर आपस में नहीं लड़ना चाहिए और काफी हद तक मोदी विरोधी मोर्चे के नेता इस बात को समझते हैं क्योंकि सब ईडीऔर सी बी आई के केसेज से परेशान हैं। जेल और बेल के चक्करों से हैरान हैं। लेकिन राजनीति के खेल में सब अपने अपने हिसाब से चाल चलेंगे। इसीलिए जब संजय सिंह के सवाल पर कांग्रेस ने समर्थन नहीं किया तो केजरीवाल ने भी कांग्रेस को आंख दिखाई। शुक्रवार को ही आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की दस लोकसभा सीटों के लिए प्रभारियों के नामों की लिस्ट जारी कर दी। इसका संकेत ये है कि अगर कांग्रेस ने अपना रुख नहीं बदला, तो केजरीवाल उन राज्यों में भी लोकसभा चुनाव के दौरान अपने उम्मीदवार उतारेंगे जहां कांग्रेस और बीजेपी का सीधा मुकाबला है।

वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के एक और बड़े नेता ओ पी सैनी को भी गिरफ्तार किया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ओ पी सोनी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इन दो बड़े नेताओं की गिरफ्तारी से कांग्रेस परेशान है। लेकिन केजरीवाल ने पिछले हफ्ते पंजाब में कहा कि कानून अपना काम करेगा, भ्रष्टाचार करने वाला, नौजवानों की जिंदगी खराब करने वाले, भ्रष्टाचार करने वाला कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। ये बात कांग्रेस को बुरी लगी। इसीलिए जब संजय सिंह की गिरफ्तारी हुई, तो कांग्रेस ने चुप्पी साध ली, केजरीवाल के साथ खड़ी नहीं हुई और बाद में वेणुगोपाल ने इसकी वजह भी बता दी। केजरीवाल चाहते हैं कांग्रेस इस मुद्दे पर उन्हें समर्थन करे, मोदी के खिलाफ सब एकजुट रहें, लेकिन वो सीधे कह नहीं सकते। इसलिए शरद पवार के जरिए अपना संदेश कांग्रेस तक पहुंचाया।

शुक्रवार को शरद पवार ने मल्लिकार्जुन खरगे के घर जाकर उनसे मुलाकात की। इस मीटिंग में राहुल गांधी और गुरदीप सप्पल भी मौजूद थे लेकिन क्या बात हुई, बात बनी या नहीं, इस पर तो मीटिंग के बाद किसी ने कुछ नहीं कहा, लेकिन गुरदीप सप्पल की बातों से साफ हो गया कि कांग्रेस का रुख केजरीवाल के लिए सख्त है। सप्पल ने केजरीवाल को वो सारे मौके याद दिला दिए जब कांग्रेस आम आदमी पार्टी के साथ खड़ी रही। सप्पल ने कहा कि कांग्रेस की नीयत तो साफ है, केजरीवाल की पाट ी पंजाब में क्या कर रही है, ये देखना भी जरूरी है। कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि विरोधियों के खिलाफ जिस तरह का रवैया केन्द्र सरकार है, उसी तरह का रवैया पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार का विरोधियों के साथ है। अगर संजय सिंह की गिरफ्तारी गलत है, तो फिर पंजाब में कांग्रेस के नेता सुखपाल सिंह खैरा की गिरफ्तारी को भी जायज नहीं ठहराया जा सकता। कांग्रेस के इस व्यवहार से केजरीवाल खफा हैं। अब इस मामले में शरद पवार मध्यस्थता कर रहे हैं, लेकिन कोई रास्ता निकलता नहीं दिखाई दे रहा है। असल में संजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर इंडिया एलान्यस में शामिल ज्यादातर पार्टियां खुलकर केजरीवाल के साथ खड़ी हैं लेकिन कांग्रेस ने इस मामले में गोलमोल रूख दिखाया है। कांग्रेस का कोई नेता संजय सिंह के पक्ष में खुलकर नहीं बोला। शुक्रवार को उस वक्त बात और बिगड़ गई जब राहुल गांधी के करीबी और कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने साफ बता दिया कि इस मामले में कांग्रेस केजरीवाल के साथ क्यों नहीं हैं। के सी वेणुगोपाल ने ट्विटर पर लिखा कि संजय सिंह कोईडीने जिस तरह अरेस्ट किया है, वो सियासी बदले की कार्रवाई को एक अलग लेवल पर लेकर जाती है। जांच एजेंसियों के सहारे राजनीतिक बदला लेने की इस प्रवृति का कांग्रेस विरोध करती है और इसीलिए पंजाब में जिस तरह ऑल इंडिया किसान सभा के चेयरपर्सन सुखपाल सिंह खैरा और फॉर्मर डिप्टी सीएम ओपी सोनी को गिरफ्तार किया गया है। कांग्रेस उसका भी विरोध करती है। लोकतंत्र में सबसे फेयर ट्रायल का मौका मिलना चाहिए और जांच एजेंसियों को संविधान के दायरे में काम करना चाहिए। इसके बाद के सी वेणुगोपाल ने एक लाइन और लिखी जो केजरीवाल को सबसे ज्यादा बुरी लगी होगी। वेणुगोपाल ने लिखा कि अगर हम वही बन जाते हैं जिसका हम विरोध करते हैं तो ये सही नहीं है।

वेणुगोपाल के कहने का मतलब ये है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में तो अपने नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के एक्शन को गलत बता रही है लेकिन पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करके कांग्रेस के नेताओं को गिरफ्तार कर रही है।

# डाकिया डाक लेकर नहीं आता

हम ऐसे दौर में विश्व डाक दिवस मना रहे है जब आज का युवा डाकिये को नहीं जानता। उसे नहीं मालूम की कभी डाकिया पैदल चलकर घर घर डाक बांटता था। आज युवा ने पैदल चलना नहीं सीखा इसीलिए उसे यह पता नहीं है की पैदल चलकर भी कोई सरकारी काम होता था। युवा ने कभी पोस्टकार्ड नहीं देखा। मंनिआर्डर का भी उसे मालूम नहीं है। वह पैसे या सन्देश का आदान प्रदान मोबाइल से आधुनिक माध्यम से करता है। फिर भी हम अपनी पुरानी व्यवस्था को धरोहर के रूप में हर साल याद करते है। विश्व डाक दिवस हर साल 9 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत 1969 में हुई थी उसी साल पहला विश्व डाक दिवस मनाया गया था। तभी से हर साल इसे 9 अक्टूबर के दिन मनाया जाता है। उसी तरह से भारत में भी राष्ट्रीय स्तर पर डाक दिवस मनाया जाता है। भारत में दिवस से अधिक इसे स्साह से के तौर पर मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम विश्वास के लिए एक साथरू एक सुरक्षित और जुड़े भविष्य के लिए सहयोग रखी गई है। अब यह दिवस रश्मि हो गया है क्योंकि न तो डाकिया घर घर आता है और न ही डाक के दर्शन होते है। अब कहीं भी डाकिया डाक बांटते दिखाई नहीं देता। वर्षों पुरानी घर घर डाक बांटने की परम्पराएं अब ध्वस्त हो गई है। हमने भी खुद को जमाने के अनुरूप डाल लिया है। जब इंटरनेट सुविधा का विस्तार हुआ है हम ने डाक व्यवस्था से तौबा करली है। सारे काम इंटरनेट से जुडी सुविधाओं के माध्यम से हो रहे है। फोन, ईमेल से लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से संदेशों का आदान.प्रदान किया जाता है। व्हाट्सएप से घर बैठे बात हो जाती है तो डाक की जरुरत कहाँ रह गई।

डाक सेवाओं की हमारी पुरानी परम्परा है। आज के युवा वर्ग को छोड़ दे तो दुनिया भर में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जिसका कभी डाक सेवाओं से पाला न पड़ा हो। यह अचरज की बात है कि एक देश में पोस्ट किया हुआ पत्र दुनिया के दूसरे कोनों में आराम से पहुँच जाता है। डाक सेवाओं के संगठन रूप में उद्भव के साथ ही इस बात की जरूरत महसूस की गई कि दुनिया भर में एक ऐसा संगठन होना चाहिएए जो यह सुनिश्चित करे कि सभी देशों के मध्य पत्रों का आवागमन सहज रूप में हो सके और आवश्यकतानुसार इसके लिए नियम.कानून बनाये जा सकें। इसी क्रम में पूरे सप्ताह राष्ट्रीय डाक सप्ताह (9.14 अक्टूबर) का आयोजन चलता है। भारतीय डाक सेवा ने 1 अक्टूबर 2023 को अपने सफर के 173 वर्ष पूरे कर लिए। डाक व्यवस्था शुरू होते ही हर शहर और गांव में पोस्ट ऑफिस बनाए गए। बाद में तो इन पोस्ट ऑफिसों में चिट्ठियों को संभालने के साथ.साथ लोगों के पैसों को भी जमा करने का काम किया जानेलगा। कभी.कभी यह बैंक का काम भी करता हैं। अब तो सरकार भी इसे बैंक के रूप में स्थापित करने की योजना बना रही है। चिट्ठियों का प्रचलन कम होने के साथ इनके कामों में भी कमी आई है ऐसे में इन्हें अन्य कामों में भी शामिल किया जा रहा है। आजकल भारतीय डाक विभाग रजिस्ट्री पोस्ट, स्पीड पोस्ट, बिजनेस पोस्ट और ग्रीटिंग पोस्ट से चिट्ठियों को भेजने का काम करता है।

कुछ वर्ष पहले इसकी सबसे महत्वपूर्ण सेवा डाकतार सेवा को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। भारत की डाक सेवा में एक खास बात यह है कि यहां एक खास तरह का पिन कोड होता है। यह पिन कोड 6 नंबरों का होता है। पिन कोड पोस्ट ऑफिस का नंबर होता है। इसकी मदद से ही हम तक चिट्ठियां पहुंच पाती हैं। यह हम सबके लिए यह गर्व करने वाली बात है कि भारत की डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी डाक सेवा है। साथ ही दुनिया में सबसे ऊंचाई पर बना पोस्ट ऑफिस भी भारत में ही है जो हिमाचल प्रदेश के हिक्किम में स्थित है। कबूतर से लेकर कम्प्यूटर तक डाक सेवाओं ने एक लम्बा सफर तय किया है। वर्तमान में सूचना एवं संचार क्रान्ति के चलते डाक व्यवस्था अवरुद्ध हुई है। जबसे निजी क्षेत्र में कोरियर सेवा का प्रारंभ हुआ तब से डाक विभाग की सेवाएं मंद हुई है। इसके बाद इंटरनेट के आने के बाद सुचना आदान प्रदान की सेवाएं द्रुत गति से परवान चढ़ी फलस्वरूप डाक विभाग का कार्य धीमी गति का बुलेटिन हो गया।

**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**
**डी 32ए मॉडल टाउनए मालवीय नगरए जयपुर**
**मोण. 9414441218**

# जंग की आग में इजरायल और फिलीस्तीन-

**अरविंद जयतिलक**

पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) एक बार फिर जंग के मैदान में है। गाजा पट्टी पर काबिज आतंकी संगठन हमास ने जल-थल-नभ तीनों ओर से हमला बोलकर इजरायल को दहला दिया है। उसने इजरायल के दक्षिणी शहरों में तकरीबन सात हजार राकेट दागा है जिसमें इजरायल के तीन सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई है। तकरीबन दो हजार से अधिक लोग बुरी तरह घायल हुए हैं। प्रतिकार में इजरायल ने भी हमास के ठिकानों पर बम बरसाकर कई सैकड़ा लोगों की जान ली है। दोनों के बीच अभी भी जंग जारी है। हमास ने इजरायल के कुछ सैनिकों और नागरिकों को बंधक भी बना रखा है। उसने दावा किया है कि इजरायल द्वारा अल-अक्सा मस्जिद को अपवित्र करने का बदला ले लिया है। याद होगा गत वर्ष पहले अल-अक्सा मस्जिद कंपाउंड में इजरायली पुलिस और फिलीस्तीनियों के बीच जमकर झड़प हुआ था। उस झड़प में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई और करोड़ों की संपत्ति नष्ट हुई। चरमपंथी संगठन हमास ने रेगिस्तान के बीच बसे शहर बीर-शिवा और एश्कलोन को निशाना बनाया और जवाब में इजरायल ने गाजा पट्टी स्थित कई महत्वपूर्ण इमारतों के साथ एसोसिएट प्रेस और अल जजीरा के कई महत्वपूर्ण इमारतों को ध्वस्त कर दिया। उस हमले में गाजा के सिटी कमांडर बसीम इस्सा मारे गए थे। इजरायल-हमास संघर्ष ने दुनिया को दो खेमों में बांट दिया है। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस सरीखे देश खुलकर इजरायल के साथ हैं वहीं तुर्की, सीरिया, ईरान, सऊदी अरब और लेबनान जैसे देश हमास का समर्थन कर रहे हैं। भारत ने इजरायल पर हुए हमले की निंदा की है और कहा है कि इस कठिन समय में वह इजरायल के साथ है। अगर यह जंग थमा नहीं तो दुनिया कि शांति भंग हो सकती है। इसलिए और भी कि रुस और यूक्रेन पहले से ही युद्धरत हैं। दूसरी ओर अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बिगड़ते हालात ने अलग ही संकट खड़ा कर दिया है। उधर, चीन ताइवान को लगातार परेशान कर रहा है। चूंकि इजरायल ने हमास के हमले को चुनौती के तौर पर लिया है ऐसे में उसे कड़ा सबक सिखाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। मतलब साफ है कि यह जंग आसानी से थमने वाला नहीं है। अगर दोनों देशों के हालिया विवाद पर नजर दौड़ाएं तो हालात उस वक्त खराब हुए जब इजरायली सुप्रीम कोर्ट ने पूर्वी जेरुसलम के शेख जर्रा नामक स्थान से फिलीस्तीनियों के सात परिवारों को निकाले जाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने उन घरों को खाली करने का आदेश दिया जो 1948 में इजरायल के गठन से पहले यहूदी रिलीजन एसोसिएशन के अधीन थे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फिलीस्तीनियों को निकालकर यहूदियों को बसाने की तैयारी हो रही थी। इससे फिलीस्तीनी भड़क गए। नतीजतन इजरायल के कई शहर और कस्बे दंगे की चपेट में आ गए। इन शहरों और कस्बों में अरब और यहूदियों के बीच मारकाट हुआ। लोद शहर जो कि अरब और यहूदियों की मिलीजुली आबादी वाला शहर है, वहां स्थिति सबसे अधिक खराब हुई। हिंसा की वजह से इमर्जेंसी लगा दिया गया। फिलहाल इजरायल ने अपना मिलिट्री ऑपरेशन तेज करने और गाजा बॉर्डर पर सैनिकों की संख्या बढ़ाने का एलान कर दिया है। इजरायल ने कहा है कि हमारी सेना के गाजा पट्टी और फिलीस्तीन में हमले तब तक बंद नहीं होंगे जब तक दुश्मन पूरी तरह शांत नहीं हो जाते हैं। गौर करें तो इजरायल और हमास के बीच मौजूदा जंग वर्ष 2014 की गर्मियों में 50 दिन तक चले युद्ध के बाद अब तक का यह सबसे बड़ा जंग है। अच्छी बात है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय दोनों पक्षों से तनाव कम करने की अपील करना शुरू कर दी है। लेकिन हालात सुधरेंगे इसमें संदेह है। ऐसा इसलिए कि दोनों पक्ष एकदूसरे का इतिहास-भूगोल बदलने पर आमादा है। दोनों के पीछे अंतर्राष्ट्रीय गोलबंदी की सच्चाई भी किसी से छिपी नहीं है। इजरायल को अमेरिका का खुला समर्थन हासिल है वहीं फिलीस्तीन के कट्टरपंथी संगठन हमास को सीरिया और ईरान का समर्थन हासिल है। ईरान इजरायल के खिलाफ हमास की खुलकर मदद करता है। हमास का अन्य आतंकी संगठनों से भी मिलीभगत है। उसकी मंशा विश्व में इस्लाम का परचम लहराना और इजरायल को नेस्तनाबूंद करना है। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम और मौजूदा तनाव को लेकर पहले से ही भड़का हुआ है। ऐसे में वह नहीं चाहता है कि हमास फिलीस्तीन में मजबूत और इजरायल कमजोर हो। गौरतलब है कि हमास फिलीस्तीनी सुन्नी मुसलमानों की एक सशस्त्र संस्था है जो फिलीस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण की मुख्य पार्टी है। इसका गठन 1987 में मिस्र और फिलीस्तीन के मुसलमानों ने किया था। इसके सशस्त्र विभाग का गठन 1992 में हुआ। इसका उद्देश्य इजरायली प्रशासन के स्थान पर इस्लामिक शासन की स्थापना करना है। गाजा पट्टी क्षेत्र में इसका विशेष प्रभाव है। गाजा पट्टी इजरायल के दक्षिण-पश्चिम में स्थित तकरीबन 6-10 किमी चैड़ी और 45 किमी लंबा क्षेत्र है। इसके तीन ओर इजरायल का नियंत्रण है और दक्षिण में मिस्र है। यहां की आबादी तकरीबन 15 लाख के आसपास है। पश्चिम एशिया के संकट को समझने के लिए इजरायल और फिलीस्तीन के इतिहास में झांकना जरुरी है। पश्चिम एशिया में स्थित इजरायल तीन ओर से अरब राज्यों से घिरा हुआ है। 29 नवंबर 1947 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने फिलीस्तीन का विभाजन करके एक भाग ज्यूज यानी यहूदियों को तथा दूसरा भाग अरबों को दे दिया। 15 मई, 1948 को यहूदियों ने अपने हिस्से को इजरायल नाम दिया।

इजरायल का क्षेत्रफल तकरीबन 21946 वर्ग किमी तथा आबादी तकरीबन 70 लाख के आसपास है। इजरायलियों ने कठिन परिश्रम से अपने छोटे भू-भाग रेगिस्तान को हरा-भरा कर दिया। फिलीस्तीन पर नजर डालें तो यह भूमध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित ऐतिहासिक राज्य था जिसकी राजधानी जेरुसलम थी। यह विश्व के महान ऐतिहासिक स्थलों में से एक और यहूदी तथा ईसाई धर्मों का जन्म स्थान है। 1930 के दशक में जर्मनी में नाजी अत्याचारों के कारण भारी संख्या में यहूदी शरणार्थी यहां आकर बसे। इससे यहूदियों और अरबों में शत्रुता बढ़ गयी। वह शत्रुता अब विकराल रुप धारण कर चुकी है। गौरतलब है कि इजरायल के अस्तित्व को अरब जगत स्वीकार नहीं करता है। उनका मानना है कि यहूदियों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर उन्हें बेदखल कर दिया। अरब जगत इजरायल को एक खंजर की तरह मानता है जो अरब जगत को काटकर टुकड़ों में विभक्त कर दिया है। बता दें कि इजरायल राज्य की स्थापना के साथ ही अरब-इजरायल युद्ध शुरू हो गए और इजरायल में रहने वाले तकरीबन 7 लाख अरब नागरिक भागकर पड़ोसी राज्यों में शरण लिए। तब 1948 में इजरायल में बसे अरबों के लिए अर्मिस्टाइस रेखा का निर्धारण हुआ जिसके तहत गाजा पट्टी में अरब जो सुन्नी मुस्लिम हैं, रहना सुनिश्चित हुआ।

## एयरपोर्ट के अधूरे कार्य जल्द करें पूरेः कमिश्नर




अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, अपर मंडलायुक्त अमरपाल सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने देवांगना घाटी पर बन रहे देवांगना एयरपोर्ट का निरीक्षण कर टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे, एप्रोच रोड बाउंड्रीवॉल देखी।

रविवार को मंडल स्तरीय अधिकारियों ने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। यात्रियों के ठहरने को गेस्ट हाउस के बारे में जानकारी ली। कार्यदाई संस्थाओं से कहा कि जो कार्य अधूरे हैं, उसे जल्द पूरा करायें। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि समय-समय पर गुणवत्ता का निरीक्षण करते रहें। चहारदीवारी के कार्य अधूरे हैं, उसे जल्द पूरा करायें।

इस मौके पर एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, पीजीएम राइट शिव प्रकाश लाल, एपीडी एयरपोर्ट अथॉरिटी विनय गांगुली समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में दो वारंटी दबोचे।

रविवार को वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह ने दीवान शैलेंद्र सिंह, सिपाही शिवम मिश्रा के साथ वारंटी नौशाद पुत्र बाबू खान निवासी पहरा को छेडछाड, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी तथा एससी/एसटी व पाक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया है।

इसी कम में भरतकूप थाने के दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने सिपाही विकाश यादव के साथ वारंटी संतोष पुत्र लखन निवासी रामपुर माफी को चोरी के मामले में दबोचा है।

## डूब क्षेत्र में बने नवीन प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का भविष्य खतरे में

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के ददरी गांव के मजरा घाटा कोलान के नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालय निर्माण कार्य में जमकर धांधली हुई है। निर्माण प्रभारी ने विद्यालय का मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन बंदरबाट किया है।

रविवार को घाटा कोलान के विद्यालय भवन निर्माण का घोटाला सामने आया। बताया गया कि बालक/बालिका शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण में घोर लापरवाही बरती गई है। विद्यालय निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, भुगतान पूरा निकाल लिया। मारो बांध डूब क्षेत्र में विद्यालय बनाया है। नौनिहाल बच्चों का भविष्य खतरे में है। कभी भी अनहोनी हो सकती है। मानिकपुर ब्लॉक में तीन, कर्वी ब्लॉक में दो व पहाड़ी ब्लाक में एक नवीन प्राथमिक विद्यालय का निर्माण हुआ है। नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालय घाटा कोलान के निर्माण कार्य की जमीनी हकीकत में बड़ा खेल हुआ है। बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। निर्माण कार्य में जमकर कमीशनखोरी का खेल हुआ है। जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकर प्राथमिक विद्यालयों के नवनिर्माण की जांच कराकर कार्यवाही करे।

## जमीनी विवाद में एक की मौत, किसानी से करता था भरण-पोषण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरधुआ थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में एक को मौत के घाट उतार दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

ये हत्याकांड शनिवार की देर रात सरधुआ थाना के चांदी गांव में हुआ। बताया गया कि चांदी गांव के बाला प्रसाद पुत्र रामदयाल की चचेरे भाई नत्थू व संतू से जमीनी विवाद को लेकर देर रात लड़ाई हो गई। दोनों पक्षों में मारपीट में बाला प्रसाद की मौत हो गई। बाला प्रसाद कृषि कार्य से परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो पुत्र हैं। नान बाबू ने बताया कि ये विवाद बहुत पुराना है। कई बार इसे लेकर विवाद हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनके फूफा उसे जमीन दे गये थे। इससे परिवार उनसे रंजिश मानता है। इसे लेकर परिवार के लोग फसाद का बहाना ढूंढते रहते थे। इस बाबत थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह ने बताया कि विवाद दौरान बाला प्रसाद की मौत की सूचना पर पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली। पोस्टमार्टम बाद मामले का खुलासा होगा।

## ब्राम्हण नरसंहार पर न्याय न मिला तो होगा आन्दोलन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद ने शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर पूरे देश में एक साथ श्रद्धांजलि सभा मनाने के काम में सुलतानपुर व देवरिया में हुए सामूहिक ब्राम्हण नरसंहार के विरोध में जिलाध्यक्ष पं शिवशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में सत्संग भवन कर्वी में श्रद्धांजलि दी।

रविवार को श्रद्धांजलि सभा में मृतात्माओं की शान्ति को दो मिनट का मौनधारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौजूद ब्राम्हणों ने आक्रोशित होकर ब्राम्हण नरसंहार की निन्दा की। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अनिवार्य, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, पं गणेश मिश्रा, जिला महामंत्री शिवप्रकाश पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राममिलन द्विवेदी, योगेन्द्र द्विवेदी, श्याममूरत गौतम, अरुण मिश्रा, शिवमूरत दुबे, वीरेन्द्र पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, दिलीप मिश्रा, गोपाल द्विवेदी, वीरेन्द्र त्रिपाठी, कैलाश मिश्र, सुरेन्द्र द्विवेदी, दुर्गेश, शिवांशू, रविशंकर तिवारी, शिवम शुक्ला, छविराम त्रिपाठी, हरिगोपाल मिश्रा, रेवतीरमण मिश्रा समेत सैकडों ब्राम्हण मौजूद रहे। सभा के बाद बैठक में निर्णय लिया कि ब्राम्हण परिवार को न्याय न मिलने पर संगठन बडे आन्दोलन को बाध्य होगा।

# संजय सिंह का नाम लेने वाले को बनाया सरकारी गवाहः संतोषी शुक्ला

## आवाज दबाने को संजय की हुई गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि भाजपा 2024 में चुनाव हार रही है। इसी बौखलाहट में इंडिया गठबंधन की आवाज को दबाने को संजय सिंह को गिरफ्तार किया है। 12 घंटे ईडी की रेड में संजय सिंह के घर का कोना-कोना छान मारा है, लेकिन कुछ न मिलने के बाद भी उन्हें गिरफ्तार किया है।



रविवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि सांसद संजय सिंह के खिलाफ फर्जी बेबुनियाद व राजनीति से प्रेरित मामला दर्ज किया है। पार्टी के लोग इससे डरने वाले नहीं हैं। संजय सिंह की लड़ाई पार्टी जारी रखेगी। उप्र प्रभारी सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी से आम जनमानस में भारी रोष है। ये कार्रवाई मोदी-अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ इंडिया की मजबूत आवाज संजय सिंह की आवाज दबाने की साजिश है। संजय सिंह की गिरफ्तारी से खफा कार्यकताओं ने पिछले दिनों यूपी समेत पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया था।

जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला ने कहा कि 2024 में मोदी इंडिया गठबंधन से चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में संजय सिंह की आवाज दबाने को गिरफ्तार किया है। फर्जी शराब घोटाले के आरोपियों ने 14 बार ईडी को बयान दिए, लेकिन बयानों में कभी संजय सिंह का नाम नहीं लिया। सांसद संजय सिंह कोई अंजान व्यक्ति नहीं है। क्या आरोपियों को इतनी बार बयान देते हुए सांसद संजय सिंह का नाम याद नही आया? अचानक से ईडी ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। सांसद संजय सिंह के खिलाफ बयान दिलवाया गया। महीने भर के अंदर आरोपी को जमानत मिल गई। ईडी ने उसकी जमानत का विरोध नहीं किया। जमानत के कुछ दिन बाद उसे सरकारी गवाह बना लिया। 12 घंटे ईडी की रेड में कुछ भी न मिलने के बाद भी उनकी गिरफ्तारी की गई। ईडी भाजपा के दबाव में काम कर रही है। संजय सिंह लगातार मोदी-अडानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर संसद तक लड़ते रहे हैं। उन्होंने अडानी के घोटालों के साक्ष्य ईडी के सामने प्रस्तुत किये, लेकिन ईडी ने अडानी पर कोई कार्यवाही न कर मोदी के दबाव में संजय सिंह को गिरफ्तार करवा दिया। मणिपुर हिंसा में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के खिलाफ सदन में आवाज उठाई। उन्हे राज्य सभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया। सांसद संजय सिंह लगातार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, अल्पसंख्यको व समाज के कमजोर वर्गो की आवाज उठाते रहे हैं। सरकार से सवाल पूंछते रहे है। प्रेसवार्ता में डॉ रमाकांत गुप्ता, श्याम बाबू त्रिपाठी, प्रेम चन्द्र पटेल, प्रमोद कुमार सोनी मौजूद रहे।

# मंदाकिनी निर्मलता को संकल्प लेकर दौड़े तीन सौ धावक

## 11 किमी महादौड़ में शामिल हुईं 92 बालिकायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** छात्र शक्ति समिति के तत्वावधान में रन फॉर मंदाकिनी कंजर्वेशन मैराथन-2023 की 11 किमी की अंतरराज्यीय महादौड़ में 297 धावकों ने हिस्सा लिया। जिनमें 92 बालिकायें शामिल रहीं।



रविवार को चित्रकूट की जीवनदायिनी मां मंदाकिनी गंगा की कुशलता, अविरलता, निर्मलता व पावनता को महादौड़ देवांगना घाटी उप्र से लेकर मोहकमगढ़ मप्र तक हुई। दौड़ में कामदगिरि पीठम कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के संत मदनगोपाल दास महाराज ने धावकों समेत मंदाकिनी संरक्षण का संकल्प दिलाया। सवेरे साढे सात बजे हरीझंडी दिखाकर महादौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ बाद प्रतिभागियों ने मोहकमगढ़ गांव में वृक्षारोपण किया। पूर्वान्ह 11 बजे विचार संवाद एवं पुरस्कार वितरण हुआ। पर्यावरण बचाओ राष्ट्रीय अभियान के संस्थापक संत मदनगोपाल दास, पद्मश्री/प्रसिद्ध जल योद्धा उमाशंकर पांडेय, उप्र सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री राधेश्याम नामदेव, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, राजेश्वरी देवी, दिव्या त्रिपाठी, आरएसएस बांदा संघ चालक डा जगन्नाथ पाठक, दीनदयाल शोध संस्थान के संतोष मिश्र, समाजसेवी अर्चन, रामबाबू, आलोक पांडेय, प्रदीप शुक्ला, संयोजक ओमराज तिवारी ने मंदाकिनी गंगा निर्मलता को प्रेरक विचार साझा किए। विचार संवाद बाद महादौड़ में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये। बालक समूह सीनियर वर्ग में शैलेश कुशवाहा, बालिका समूह सीनियर वर्ग में पूजा पटेल अव्वल रहीं। द्वितीय प्रदीप पाल, नंदिनी जाटव, तृतीय विजेता अजय कुमार, मनोजा देवी, हंसराज यादव, सुधीर कुमार, आकांक्षा देवी, मनीषा पटेल को सनातन पुरस्कार मिले। बालक समूह जूनियर वर्ग में प्रथम छोटकू सेन, द्वितीय रंजीत कुमार, तृतीय जलज सिंह विजेता रहे। अंकित राजपूत, सुनील कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। बालिका समूह जूनियर वर्ग में गंगा देवी प्रथम, रिंकी देवी द्वितीय, प्रतिभा सिंह तृतीय को मिला। लवली सिंह, श्वाति को सांत्वना पुरस्कार मिला। छात्रशक्ति समिति के संयोजक ओमराज तिवारी, महादौड़ प्रभारी राहुल पाण्डेय, सह संयोजक हेमंत त्रिपाठी, वक्रतुंड पांडे, योगेंद्र पाठक, हिमांशु शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, सत्यम, प्रिंस मिश्रा, मोहित पांडे, बुद्ध विलास, आशू त्रिपाठी, पंकज सेन आदि ने पहली बार ये आयोजन किया।

# बुन्देली सेना ने मंत्री से की रिंग रोड बनवाने की मांग

## अन्य समस्यायें भी उठाईं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से मिजार्पुर स्थित केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के कार्यालय में भेंटकर क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा कर बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष ने उन्हें पत्र सौंपा। कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं को प्राथमिकता से शासन स्तर से कार्यवाही का भरोसा दिया।



रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से भेंटकर सौंपे पत्र में मांग की है कि खोह में दो सौ शैय्या के मदर एंड चाइल्ड अस्पताल का मुख्यमंत्री से उद्घाटन कराया जाये। पांच मंजिला अत्याधुनिक अस्पताल अरबों रुपये से बना है। लगभग 15 करोड़ रुपये स्थापना व मशीनरी तथा अन्य सामान खरीदने की जरूरत है। यहां स्टैबलिशमेंट की धनराशि मंजूरी के साथ स्टाफ की तैनाती हो जाये तो क्षेत्र के लिए अस्पताल वरदान बनेगा। फिलहाल यहां ओपीड़ी सेवा शुरू हो गई है। स्टाफ की भी तैनाती है, लेकिन डॉक्टरों व विशेषज्ञों की आवश्यकता है। रोडवेज बस अड्डा में डिपो की जल्द स्थापना करायें। रिंग रोड बाइपास के निर्माण का अनुरोध किया, ताकि मुख्यालय कर्वी की सड़कें भारी भरकम ट्रकों की आवाजाही से मुक्त हो सके। ट्राफिक व्यवस्था में सुधार हो। यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा को प्रीपेड बूथ प्रणाली लागू करने, रैन बसेरा परिसर वर्षों से बने यात्री प्रतीक्षालय का शुभारंभ करायें। चैराहों में सिग्नल प्रणाली की व्यवस्था, मुक्तिधाम स्थलों के सामने मन्दाकिनी नदी में सीढ़ियां बनवाने, पोस्टमार्टम हाऊस में अतिरिक्त टीनशेड़ लगवाने, ट्रामा सेंटर व सिटी बस सेवा शुभारंभ कराने का अनुरोध किया। कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं को प्राथमिकता से शासन स्तर से निदान का भरोसा दिया।

# खनिज अधिकारी समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

## एंट्री के नाम पर रुपए मांगने व मारपीट का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खनिज अधिकारी को वाहन स्वामी से इंट्री लेना मंहगा पड़ गया। न्यायालय के आदेश पर कर्वी कोतवाली में खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई।



रविवार को पीड़ित वाहन स्वामी विकास उपाध्याय पुत्र स्व विजय शंकर उपाध्याय निवासी भौंरी थाना रैपुरा ने सुनवाई न होने पर न्यायालय का सहारा लिया था। न्यायालय के आदेश पर खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, कपिलदेव कुशवाहा, सरकारी गनर व तीन वदीर्धारी अज्ञात होमगार्डों पर जबरिया गाड़ी रोककर इंट्री जमा कराने को लेकर गाली-गलौज, मारपीट कर मोबाइल व नगदी छीनने का आरोप लगाया था।

न्यायालय के आदेश पर कर्वी कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में विकास उपाध्याय ने बताया कि सात जुलाई को खनिज अधिकारी ने तीन ट्रक रुकवाकर ड्राइवर से रुपए मांगे थे। ड्राइवर के पैसा न देने पर उसके साथ मारपीट कर मोबाइल ले लिया था। खनिज अधिकारी ने कहा कि एंट्री तुम्हे देनी पड़ेगी। प्रति ट्रक 15 हजार रुपये महीना देना होगा। ये बात कई ट्रक मालिकों ने नाम न छापने के अनुरोध पर बताया कि जो ट्रक मालिक चित्रकूट में एंट्री नहीं देता, उसे खनिज अधिकारी जमकर परेशान करते हैं। उनके ट्रकों का ई-चालान कर देते हैं। इस बाबत कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडे ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर सुसंगत धाराओं में खनिज अधिकारी समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पुलिस ने दबोचे सात जुआरी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने मनोज कुमार प्रजापति पुत्र स्व बद्री प्रसाद निवासी गोंडा, शिवचरण पुत्र सीताराम निवासी पडौता, रामबहादुर पुत्र सीताराम निवासी बीढरपुरवा, लवलेश यादव पुत्र छेदीलाल निवासी गोंडा को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से ताश के 52 पत्ते, चार मोटरबाइक, चार मोबाइल फोन व जामा तलाशी से 990 रुपये बरामद हुये। इनके खिलाफ थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही शिवम मिश्रा, राकेश कुमार व भास्कर शुक्ला शामिल रहे।

इसी क्रम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने रामहित पुत्र नत्थू कोरी, श्यामलाल पुत्र बच्ची लाल व सोनू राजपूत पुत्र रमेश कुमार निवासी चितरागोकुलपुर को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से ताश के 52 पत्ते व 940 रुपये, जामा तलाशी से दो सौ रुपये बरामद किये। कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही सोमदेव, अनुज यादव व अभिषेक यादव शामिल रहे।

## स्वच्छ-सुन्दर हो रहा चित्रकूटः ईओ




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान का 89वां अभियान कामदगिरि परिक्रमा मार्च में चला। रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के तहत परिक्रमा मार्ग में चले सफाई अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि कामदगिरि स्वच्छता समिति जन जागरूकता को स्वच्छता अभियान चला रही है। अभियान में और लोगों को आगे आना चाहिए। स्वच्छ-सुंदर चित्रकूट की कल्पना साकार करने को लोग आगे आयें। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केसरवानी ने कहा कि गांधी जी के स्वच्छता प्रयासों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। लगातार स्वच्छता के प्रति प्रधानमंत्री गंभीर हैं। जन जागरूकता को खुद प्रधानमंत्री सफाई करते देखे जा सकते हैं। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि कामतानाथ परिक्रमा की मयार्दा बनाए रखने को स्वच्छता अभियान की जरूरत है। कामतानाथ परिक्रमा में प्रत्येक माह अमावस्या में लाखों लोग आते है। कामतानाथ परिक्रमा वासियों से अपील की कि कामतानाथ परिक्रमा पर्वत की ओर स्वच्छता बनाये रखें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि स्वच्छता अभियानों को जनजागरूकता चलाया जाता है, ताकि आम जनता स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सके। जगह-जगह गंदगी न करें। उचित जगह पर ही कूडा डालें। अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, शुभम केशरवानी, जानकी कुशवाहा, अंकुर केसरवानी, शिव प्रकाश साहू, मिथिलेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुमित केसरवानी, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को एकजुटता से करें आवाज बुलंदः कमलेश पाण्डेय, अंतरजनपदीय शिक्षको की हुई बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतरजनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने तुलसी पार्क में जिला महामंत्री बृजेंद्रकांत मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक की। शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय ने शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली को एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की।

रविवार को तुलसी पार्क में हुई बैठक में अंतरजनपदीय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश के मंडल मुख्यालय में बैठक कर शिक्षक कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने का काम होगा। शिक्षक कर्मचारी हितों की लड़ाई लड़ेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम तूफानी ने कहा कि सभी लोगों को एकजुट होकर अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा। एकता में बहुत ताकत होती है। 2024 के चुनाव में मांगों के समर्थन में सभी लोग आवाज बुलंद करें। जिला महामंत्री बृजेंद्रकांत मिश्रा ने कहा कि जिला स्तर पर किसी शिक्षक साथी की कोई समस्या हो तो संगठन को बतायें। संगठन समस्याओं को हल करने के प्रयास करेगा। जल्द ब्लॉक स्तर पर नए सिरे से संगठन का विस्तार होगा। इस मौके पर धर्मेंद्र विश्वकर्मा, मोतीलाल सिंह, राजेश सिंह, प्रदुम सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, नवनीत निगम, बृजमोहन, रामबाबू प्रजापति, अभिषेक केशरवानी, परमानंद, राजाराम, सुंदरलाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एमएस सेवा सदन का निबंधन हुआ रद्द, संस्थान को शील करने का निर्देश

**चतरा। न्यू पुलिस** लाइन के समीप संचालित एमएस सेवा सदन में इलाज के दौरान मरीज की मौत के मामले में सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने बड़ी कारवाई की है। सिविल सर्जन ने (सेवा सदन) नर्सिंग होम का निबंधन न सिर्फ रद्द कर दिया है बल्कि संस्थान को शील करने का भी निर्देश दिया है।

की गई कारवाई से सीएस ने अभियान निदेशक सह अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी रांची झारखंड तथा उपायुक्त चतरा को भी अवगत कराया है।

# विदेश संदेश

## भारत-कनाडा विवाद के बीच टोंरटो विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए जारी किया खास बयान

**टोरंटो:** भारत और कनाडा में जारी कूटनीतिक गतिरोध के बीच यहां प्रमुख टोरंटो विश्वविद्यालय ने छात्रों के लिए विशेष बयान जारी किया है। टोरंटो विश्वविद्यालय ने छात्रों को आश्वस्त किया और उनके हित में काम करने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि भारत द्वारा वीजा प्रक्रिया निलंबित किए जाने से आपसी संपर्क बाधित होगा। टोरंटो विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर जोसेफ वोंग ने यहां कहा, ''हम जानते हैं कि टोरंटो विश्वविद्यालय समुदाय के कई सदस्य कनाडा और भारत की सरकारों के बीच संबंधों पर चिंताजनक रूप से नजर रखे हुए हैं। स्थिति तेजी से बदल रही है, जिससे अनिश्चितता और तनाव पैदा हो रहा है।हमारे पास अभी तक कई गंभीर सवालों के जवाब नहीं हैं। वोंग ने कहा कि टोरंटो विश्वविद्यालय को ''भारत के 2,400 से अधिक छात्रों का घर होने पर गर्व है, जो हमारी कक्षाओं और कैंपस जीवन को समृद्ध बनाते हैं तथा कई और छात्रों, संकाय सदस्यों, पुस्तकालय कर्मियों और पूर्व छात्रों के भारत से रिश्ते हैं। उन्होंने कहा, ''हम अपने समुदाय के सभी प्रभावित सदस्यों और खासतौर से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि आपका यहां स्वागत है और हम आपके कुशलक्षेम का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वोंग ने कहा कि विश्वविद्यालय भारत के साथ अपनी ''दीर्घकालीन साझेदारी के प्रति प्रतिबद्ध है, जो विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक सहयोग का समर्थन करती है और अपने छात्रों के सीखने के लिए अमूल्य वैश्विक अवसर मुहैया कराती है।

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने जातिगत भेदभाव पर रोक लगाने वाले बिल पर किया वीटो, भारतीय अमेरिकी संगठनों ने किया स्वागत

**कैलिफोर्निया ।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने प्रांतीय असेंबली द्वारा हाल ही में पारित जातिगत भेदभाव विरोधी विधेयक पर शनिवार को वीटो कर दिया। न्यूसम ने अपने फैसले के समर्थन में तर्क दिया कि कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव पर रोक लगाने वाले कानून पहले से मौजूद हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक बड़े वर्ग ने न्यूसम के कदम का स्वागत किया है। ये लोग इसी तर्क के आधार पर इस विधेयक का विरोध कर रहे थे। न्यूसम ने एक बयान में कहा, 'कैलिफोर्निया में हमारा मानना है कि हर किसी से गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो, कहां से भी आया हो, किसी से भी प्यार करता हो या कहीं भी रहता हो।' उन्होंने कहा, 'यही कारण है कि कैलिफोर्निया लिंग, नस्ल, रंग, धर्म, वंश, राष्ट्रीय मूल, विकलांगता, लैंगिक पहचान, यौन झुकाव और अन्य विशेषताओं के आधार पर भेदभाव को से ही प्रतिबंधित करता है। साथ ही प्रांत का कानून निर्दिष्ट करता है कि इन नागरिक अधिकारों की उदारतापूर्वक सुरक्षा की जाए। चूंकि इन मौजूदा श्रेणियों के तहत जाति के आधार पर भेदभाव पहले से ही निषिद्ध है, इसलिए यह विधेयक अनावश्यक है।' न्यूसम ने दावा किया कि वह इसी कारण से उस विधेयक पर 'हस्ताक्षर नहीं कर सकते', जिसे 'एसबी403' के नाम से जाना जाता है और जो कैलिफोर्निया की प्रतिनिधि सभा और सीनेट में भारी मतों से पारित किया गया था। विधेयक निष्पक्ष रोजगार और आवास अधिनियम, अनरूह अधिनियम और शिक्षा संहिता के प्रयोजनों के लिए 'वंश' को परिभाषित करता है, जिसमें 'जाति' और वंश के अन्य आयामों को शामिल किया गया है। विधेयक के विरोधियों ने फैसले को ऐतिहासिक बताया और कहा कि गवर्नर न्यूसम के इस तरह के कदम ने प्रांत में दक्षिण एशियाई समुदाय और हिंदुओं को निशाना बनाने के कई लोगों के प्रयासों को नाकाम कर दिया है।

## कनाडा में भारतीय राजनियकों की हत्या का खतरा ! खालिस्तानियों की 'किल इंडिया' रैली की तैयारी

**टोरांटो।** खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा और भारत के बीच चल रहा विवाद थम नहीं रहा है। कनाडा सरकार भारत विरोधी गतिविधियां कर रहे खालिस्तानी समर्थकों को रोकने में असफल रही है। काली सूची में डाले गए आतंकवादी कनाडा की शरण में भारत के खिलाफ हिंसक गतिविधियां कर रहे हैं। ट्रूडो सरकार के कहने पर भी खालिस्तानी समर्थकों ने गुरु नानक सिख गुरुद्वारा सर्रे से विवादित पोस्टर अभी तक नहीं हटाए हैं। यही नहीं भारतीय राजनयिकों की जान पर खतरा मंडरा रहा है क्योंकि खालिस्तान समर्थक अब भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाना चाहते हैं। खालिस्तानी समर्थक कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में पोस्टर लगाकर 3 भारतीय राजनयिकों संजय कुमार वर्मा (उच्चायुक्त), मनीष (महावाणिज्यदूत) और अपूर्व श्रीवास्तव (महावाणिज्यदूत) की हत्या की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सरकार के कहने के बाद भी गुरुद्वारे पर पोस्टर दोबारा लगाए हैं। ये वही गुरुद्वारा है, जिसका अध्यक्ष आतंकी हरदीप सिंह निज्जर था। इसी गुरुद्वारे के सामने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। खालिस्तानी समर्थकों ने 21 अक्टूबर को वैंकूवर में भारतीय दूतावास के बाहर 'किल इंडिया' के बैनर तले एक कार रैली आयोजित करने की योजना भी बनाई है। इसके बाद 28 अक्टूबर को जनमत संग्रह भी करवाया जा रहा है।

## आसमान पर गरज रहे रॉकेट, इजरायल के 300 और फिलिस्तीन के 200 से ज्यादा नागरिकों की मौत

**तेल अवीव (इजरायल)।** गाजा पट्टी में बढ़े तनाव के बीच इजरायल पर हमास के आतंकवादियों ने बड़ी संख्या में रॉकेट दागे हैं। इजरायल के चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, अब तक के सबसे भीषण आतंकवादी हमले में 300 से अधिक नागरिक मारे गए हैं। इसके अलावा 1590 घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे आक्रमण बताया है। उन्होंने कहा है हमास को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उधर, इजरायल के जवाबी आक्रमण में 200 से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की जान चली गई। दोनों ओर से आज सुबह भी आसमान पर मिसाइल और रॉकेट गरज रहे हैं। इस मसले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आज बैठक आहूत की है। इस बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमास ने गाजा से शनिवार सुबह कुछ-कुछ समय के अंतराल पर इजरायली शहरों पर ताबड़तोड़ करीब 5,000 से ज्यादा रॉकेट दागे। बड़े युद्ध की आशंका को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आज (रविवार) आपात बैठक आहूत की है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने हमास के हमले की निंदा की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बेंजामिन नेतन्याहू से दूरसंचार वार्ता में हर तरह की मदद देने का भरोसा दिया है। बाइडन ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने हमास के हमले की निंदा करते हुए



कहा कि इजरायल को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है। ब्रिटेन उसके साथ है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि वह इस हमले से स्तब्ध हैं। कतर के विदेश मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की मांग की है।ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिज्बुल्ला ने हमास के हमले का समर्थन किया है। सऊदी अरब ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमास ने कहा है कि उसने यरुशलम में अप्रैल में अल-अक्सा मस्जिद को अपवित्र करने का बदला लिया है। उसने कहा है कि इजरायल की फौज ने क्रूरता की सारी हद लांघ दी है। हमास के प्रवक्ता गाजी हमाद ने अरब देशों से अपील है कि वह इजरायल से अपने सभी रिश्ते खत्म कर दें। इजरायल एक अच्छा पड़ोसी और शांत देश कभी नहीं हो सकता।

उधर, इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि सुरक्षा कैबिनेट ने हमास और इस्लामिक जिहाद की सैन्य और सरकारी क्षमताओं को नष्ट करने के फैसले को मंजूरी दे दी है। हमास को अब जमींदोज किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजरायल की सेना दक्षिण के कुछ हिस्सों में हमास का मुकाबला कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इजरायल में इस समय करीब 18 हजार भारतीय रह रहे हैं। इनमें करीब 900 विद्यार्थी हैं। इसके अलावा जर्मनी की एयरलाइन लुफ्थांसा ने इजरायल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने और जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में इजरायल के सैन्य प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है कि हमास के आतंकियों ने गाजा में उनके नागरिकों और सैनिकों को बंधक बना लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल के दक्षिण में अभूतपूर्व युद्ध जैसे हालात को देखते हुए इजरायल और फलस्तीन स्थित भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी है। दूतावास ने अपने परामर्श में कहा है कि इजरायल में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा नियमों का पालन करें।अनावश्यक आवाजाही से बचें और सुरक्षित स्थलों के करीब रहें।

## पश्चिमी अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही, अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान में 24 घंटे पहले आए भूकंप से भारी तबाही हुई है। भूकंप से हेरात प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। अब तक 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में साझा की गई है। देश के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। तालिबान प्रवक्ता के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अफगानिस्तान के पश्चिम में शक्तिशाली भूकंप में लगभग 2,000 लोग मारे गए हैं। ईरान सीमा के पास सबसे ज्यादा विनाश हुआ है। लोग अभी भी मलबे के ढेर में फंसे हुए हैं।



अफगानिस्तान के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, शनिवार दोपहर सबसे पहले 12ः11 बजे रिक्टर पैमाने पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद 12:19 बजे 5.6 तीव्रता और 12.42 पर तीसरा भूकंप आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.3 दर्ज की गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप का केंद्र हेरात से 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था। दोपहर 11 से एक बजे के बीच 4.6 से 6.3 तीव्रता के कुल पांच झटके आए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हजारों लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है। दूरदराज क्षेत्र से नुकसान की अभी तक पूरी जानकारी सामने नहीं आ पाई है। इस दौरान हजारों मकानों के जमींदोज हो जाने की आशंका है।

## नेपाल पूरी तरह इजरायल के साथ, विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले की निंदा की

**काठमांडू।** नेपाल ने इजरायल पर हमास के हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि नेपाल पूरी तरह इजरायल के साथ है। इस हमले को किसी भी कारण और किसी भी बहाने से सही नहीं ठहराया जा सकता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इजरायल में करीब 4500 नेपाली नागरिक रहते हैं। कुछ नेपाली नागरिकों को हमास ने बंधक बना लिया है। इसके अलावा नौ नेपाली नागरिकों के घायल होने की जानकारी मिली है।



## 'हम घबराए और डरे हुए हैं', इस्राइल में फंसे भारतीय छात्रों ने बताई आपबीती

**यरुशलम।** फलस्तीन आतंकी समूह हमास ने इस्राइल पर भीषण हमला किया है। इस बीच, इस्राइल और फलस्तीन में भारतीय दूतावासों ने अपने सभी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह जारी की है। वहीं, खबर आई है कि इस्राइल में फंसे भारतीय छात्र बेहद डरे और सहमे हुए हैं। छात्रों ने पत्रकारों को बताया कि वह लोग भारतीय दूतावास के संपर्क में लगातार हैं। फिर भी वे बेहद घबराए और डरे हुए हैं क्योंकि स्थिति तनावपूर्ण है। इस्राइल में एक भारतीय छात्र गोकुल मनावलन ने कहा कि वह बहुत डरे हुए हैं। शुक्र है कि रहने के लिए शेल्टर और रक्षा के लिए इस्राइली सैनिक हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल तो वह सुरक्षित हैं। वह भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं।वहीं, एक अन्य छात्र विमल कृष्णसामी मणिवन्नन चित्रा ने कहा कि हमला बहुत डरावना था। भारतीय दूतावास उनके संपर्क में है। हमले पर एक छात्र आदित्य करुणानिधि निवेदिता ने कहा, 'यह सब बहुत अचानक हुआ। हमें इसकी उम्मीद नहीं थी, क्योंकि इस्राइल में छुट्टियां चल रही हैं। हमें सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सूचना मिली। हम करीब सात से आठ घंटे तक बंकरों में थे।' इस्राइल के हिब्रू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक छात्र ने बताया कि वो लोग छात्रावास में रह रहे हैं। साथ ही कॉलेज द्वारा आवास दिए जा रहे हैं। छात्रों के अलावा, इस्राइल में पिछले



18 साल से काम कर रही भारतीय नागरिक सोमा रवि ने कहा, 'आज बहुत मुश्किल दिन था, हमने कभी ऐसी स्थिति नहीं देखी। 20 मिनट के अंदर पांच हजार रॉकेट दागे गए। हमास आतंकियों ने 22 लोगों को मार डाला, जबकि 500 घायल हो गए। यह देश के लिए बहुत कठिन स्थिति है।'

## रक्षा मंत्री ने गाजा की हकीकत बदलने का कसम खाई, सेना के मेजर ने कहा- हमास ने नरक का द्वार खोल दिया

फलस्तीन आतंकी संगठन हमास द्वारा इस्राइल पर किए गए। इस्राइल के लोग इस हमले से डरकर अपने घरों में कैद हो गए। इस आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी को मलवे में तबदील करने की कसम खाई है।

**पीएम नेतन्याहू ने दी गाजा को चेतावनी**

गाजा के एक अधिकारी ने बताया कि तटीय क्षेत्र में लगातार हवाई हमलों में फलस्तीन के रात इस्राइली सेना और हमास के आतंकियों के बीच 22 अलग-अलग जगहों पर गोलीबारी हुई, जहां जगहों पर बंदुकधारियों ने लोगों को बंधक बना रखा था।

सेना ने कहा, आतंकी लोगों के घरों में तोड़फोड़ के साथ नागरिकों का नरसंहार भी किया। हजार के करीब इस्राइली नागरिक गोलीबारी में घायल हो गए।' सुबह इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, 'हम युद्ध की स्थिति में हैं। मैं गाजा के लोगों को कहना



चाहता हूं कि अभी वहां से निकल जाओ, क्योंकि हम पूरी ताकत से वहां कार्रवाई करेंगे। इस्राइल और हम इस्राइल के नागरिकों पर पड़े इस काले दिन का बदला लेंगे।'

**हमास ने नरक का द्वार खोल दिया: सेना के मेजर जनरल**

इस्राइल में आतंकी हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रविवार को एक आपातकालीन बैठक बुलाई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्राइल के लिए समर्थन व्यक्त किया। इस्राइली सेना ने बताया कि इस्राइल के स्वॉड ऑफ आयरन ऑपरेशन के तहत विभिन्न इलाकों में देर रात तक इस्राइली सेना और आतंकियों के बीच गोलीबारी जारी थी। उन्होंने कहा कि अभी भी 22 ऐसी जगह है, जहां ऑतंकियों के साथ हमारी मुठभेड़ जारी है। आतंकियों द्वारा रॉकेट दागे जाने के बाद इस्राइल में पलटवार करते हुए गाजा में हवाई हमला किया।

## तंजानिया की राष्ट्रपति का तीन दिवसीय भारत दौरा, पीएम मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय वार्ता

**तंजानिया।** तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन तीन दिवसीय भारत की यात्रा पर आज दिल्ली पहुंचेंगी। अपनी भारत यात्रा के दौरान हसन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगी और राष्ट्रपति मुर्मू उनके लिए एक राजकीय भोज की मेजबानी भी करेंगी। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा और उसके बाद वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कि आगामी यात्रा भारत और तंजानिया के बीच ऐतिहासिक



और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और मजबूत करेगी।

**सेना प्रमुख ने हाल ही में किया तंजानिया का दौरा**

बता दें कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे दो से पांच अक्टूबर तक तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर थे, जिससे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को मजबूती मिली। अपनी यात्रा के दौरान जनरल पांडे ने मेजर जनरल विल्बर्ट ऑगस्टीन इबुगे कमांडेंट और फैकल्टी से भी मुलाकात की और दोनों सेनाओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

**किन मुद्दों पर होगी चर्चा**

राष्ट्रपति सामिया के दौरान सुलुहु हसन की भारत यात्रा से दोनों देश अपने रक्षा संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाएंगे। इस यात्रा में चार स्तंभों में एक विकास निगम, समुद्री सुरक्षा, रक्षा निगम और व्यापार निवेश शामिल हैं।

इसके अलावा वह रविवार को भारत में द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति शाम 5:15 बजे पहुंचेंगी और बाद में 6:30 बजे विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी।

## 'युवाओं में कट्टरपंथ सिख समुदाय के लिए चिंता का विषय', सिख अखबार के संपादक का दावा

**तंजानिया।** खालसा टुडे के प्रधान संपादक सुखी चहल ने ब्रांपटन में आठ सिख युवाओं को शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि युवाओं में ये कट्टरपंथ सिख समुदाय के लिए चिंता का विषय है।

**सिख समुदाय के लिए जताई चिंता**

चहल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि युवाओं के पास हथियार तक पहुंच है और वे संगठित अपराध का हिस्सा बनते जा रहे हैं। सिख समुदाय के लिए चिंता व्यक्त करते हुए चहल ने कहा, %वैंकुवर या टोरंटो की तरफ इस तरह की गतिविधियां बहुत ही दुखद, चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। हम लंबे समय से ही इस पर बात कर रहे हैं कि युवाओं में कट्टरपंथ सिख समुदाय के लिए चिंता का विषय है।'



उन्होंने आगे कहा, 'यह सिख समुदाय के लिए अच्छा नहीं है। यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है और मैं आशा करता हूं कि सिख और पंजाबी समुदाय इस मुद्दे पर चर्चा करें, क्योंकि यह सभी के लिए चिंता का विषय है।'

कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का भारत सरकार पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाने के बाद ही भारत और कनाडा के रिश्तों के बीच लगातार तनाव देखने को मिल रहा है। निज्जर एक कुख्यात आतंकी था, जिसकी ब्रिटिश कोलंबिया के गुरुद्वारे के बाहर 18 जून को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कनाडाई संसद में बहस के दौरान निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट का हाथ होने का दावा किया था। हालांकि, भारत ने दावों को बेबुनियाद करार दिया था। कनाडा ने अभी तक अपने दावों पर कोई सबूत पेश नहीं किया है।

## एयर इंडिया ने दिल्ली से इजराइल के तेल अवीव जाने वाली उड़ानें रद्द की

**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने नई दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी है। एयरलाइन ने इजराइल के तेल अवीव पर हमास के हमला करने के बाद यह उड़ान रद्द की। कंपनी के प्रवक्ता ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान संख्या एआई-139 और वापसी की उड़ान संख्या एआई-140 को रद्द कर दिया गया है।



एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार पूरा सहयोग किया जा रहा है। एयरलाइन की उड़ान संख्या एआई-139 भारतीय समय अनुसार दोपहर 3.35 बजे रवाना होनी थी। तेल अवीव से वापसी की उड़ान इजराइल के समय अनुसार रात 10.10 बजे थी। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। एयरलाइन की ये उड़ानें प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को होती हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।